



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14 अंक - 259 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 2 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# 7 जुलाई से नवा रायपुर के लिए शुरू होगी मेमू, पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ

## राजधानी में केन्द्री तक रेलवे लाइन का काम पूरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के लोगों के लिए खुशखबरी है। नवा रायपुर और मंत्रालय तक जाने के लिए अब लोगों को सीधी ट्रेन की सुविध मिलने जा रही है। 7 जुलाई को रायपुर जंक्शन से केन्द्री के बीच मेमू ट्रेन की शुरुआत की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने रायपुर प्रवास के दौरान रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक से नवा रायपुर के लिए मेमू को हरी झंडी दिखाएंगे।

बता दें नवा रायपुर में मुख्यमंत्री निवास, राजभवन, मंत्रालय, पुलिस मुख्यालय सहित ज्यादातर विभागों के मुख्यालय शिफ्ट हो गए हैं। विभागीय काम के लिए लोगों को अक्सर नवा रायपुर जाना पड़ रहा है। लोगों की परेशानी को देखते हुए केन्द्री तक नई रेलवे



लाइन बिछाने का काम शुरू हुआ और इसे पूरा भी कर लिया गया। एनआरडीए द्वारा नवा रायपुर में अटलनगर, उद्योग नगर, सीबीडी, मुक्तांगन और केंद्री रेलवे स्टेशन बनाया गया हैं। केंद्री रेलवे स्टेशन का निर्माण रेलवे ने पूरा कर लिया है। शेष रेलवे स्टेशनों का काम होना है।

7 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मेमू को हरी झंडी दिखाई जाएगी। शुरुआत के तौर पर यह ट्रेन मंदिर हसौद से कटकर केन्द्री तक जाएगी। अटलनगर, उद्योग नगर, सीबीडी व मुक्तांगन के रेलवे स्टेशन का काम पूरा नहीं हुआ है। रेलवे ने पटरी बिछाकर अपना काम कर दिया है। नवा रायपुर में बाकी चारों रेलवे स्टेशन का निर्माण एनआरडीए को करना है। एनआरडीए ने चारों स्टेशनों के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर एजेंसी नियुक्त कर दी है। सभी स्टेशन बनने के बाद मेमू इन स्टेशनों पर रुकेगी और लोगों को मंत्रालय से जुड़े काम के लिए नवा रायपुर जाने की आसान व बेहतर सुविधा भी मिलेगी।

## खास - खबर

### महाराष्ट्र बस हादसाः आज 24 शवों का होगा सामूहिक दाह संस्कार, दफनाने के लिए परिवार को सौंपा जाएगा एक का शव

**महाराष्ट्र (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एक निजी बस में आग लगने से जलकर मरे 25 लोगों में से 24 का आज सामूहिक दाह संस्कार किया जाएगा। जबकि, पीड़ितों में से एक का शव दफ्नाने के लिए परिवार को सौंप दिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि 26 लोगों में से अधिकतर बहुत ही बुरी तरह जल गए हैं, जिसकी वजह से उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। पीड़ितों का पता उनके परिवारों के डीएनए जांच से पता लगाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, डीएनए प्रक्रिया में बहुत अधिक समय लगने वाला है। इसलिए आज शवों का सामूहिक दाह संस्कार करने का फैसला लिया गया है।

बुलढाणा के कलेक्टर एच पी तुम्मोड ने बताया कि आज 24 शवों का सामूहिक दाह संस्कार किया जाएगा। इसकी तैयारी चल रही है। इसके अलावा, एक मृतक का शव दफ्नाने के लिए परिवार को सौंपा जाएगा। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, 25 मृतकों के परिवार के सदस्य बुलढाणा पहुंच गए हैं।

बता दें, महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में शनिवार तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बस में आग लगने से 26 यात्री जिंदा जल गए थे। यह हादसा नागपुर से पुणे के बीच समृद्धि एक्सप्रेसवे पर हुआ था। इस भयानक दुर्घटना में ड्राइवर और 'क्लीनर' सहित आठ लोग बच गए थे। वहीं, बस चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

### मायावती ने कहा- हम समान नागरिक संहिता लागू करने के खिलाफ नहीं, पर इसे जबरन न थोपे सरकार

**लखनऊ (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश में समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने के खिलाफ नहीं है पर देश की विविधता को देखते हुए इसे जबरन थोपे जाने के पक्ष में नहीं है। इसमें आपसी सहमति का रास्ता अपनाया जाना चाहिए और इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

मायावती ने कहा कि भारत की विशाल आबादी में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध और पारसी सहित विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोग रहते हैं, जिनके अलग-अलग रस्म और रिवाज हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अगर देश में सभी के लिए एक जैसा कानून लागू होगा तो इससे देश कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत होगा और आपसी सौहार्द बढ़ेगा इसीलिए संविधान में समान नागरिक संहिता का जिक्र किया गया है, लेकिन उसे जबरन थोपने का प्रावधान संविधान में निहित नहीं है।

# मानसून : मौसम विभाग का अनुमान जुलाई में होगी 96 फीसदी बारिश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मानसून की दस्तक के बाद छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से वैसी बारिश नहीं देखी गई जैसी उम्मीद की जा रही थी। मौसम विभाग को जुलाई में औसत के 94 से 106 फीसदी के आसपास होने का अनुमान है। प्रदेश में जुलाई महीने में औसत 375.8 मिमी बारिश होती है। छत्तीसगढ़ के ऊपर बनने वाली मानसून द्रोणिका अनूकूल रही थी तो अच्छी बारिश की संभावना है। और यदि द्रोणिका की दिशा दक्षिण से उत्तर की ओर होगी तो कम बारिश होगी। इस परिस्थिति में मानसून थोड़ा रुक जाता है और तापमान बढ़ने से उमस जैसी स्थिति निर्मित होती है।


छत्तीसगढ़ में जुलाई में 14 से 15 दिन अच्छी बारिश का ट्रेंड रहा है। यानी महीने के आधे दिन मानसूनी गतिविधियां मजबूती से सक्रिय रहती हैं। इस साल भी ऐसा रहा तो जुलाई के औसत के करीब बारिश हो जाएगी। मानसून अभी तक अच्छा रहा है। जून के पिछले आठ दिनों में अच्छी बारिश हो गई। एक तरह से जून के महीने का कोटा पूरा हो चुका है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 1 जुलाई की स्थिति में 168.4 मिमी बारिश हो गई है और यह औसत से 18 फीसदी तक कम है। अगले एक-दो दिन मौसम साफ रहेगा। इसके बाद मानसूनी गतिविधियां फिर सक्रिय होंगी और राज्य में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश तथा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

### प्रदेश के 11 जिलों में कम हुई बारिश

इस मनसून में छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में कम बारिश हुई है। इनमें से ज्यादातर जिले बस्तर संभाग के हैं। बस्तर में 53, बेमेतरा में 52, बीजापुर में 33, दंतेवाड़ा में 34, जांजगीर में 34, जशपुर में 41, कबीरधाम में 23, कांकेर में 36, कोंडागांव में 59, नारायणपुर में 45 और सरगुजा में 59 प्रतिशत कम बारिश हुई है। हुई जिलों में हुई कमी को अन्य जिलों के अधिक वर्षा ने पूरा कर दिया। अभी भारी बारिश से राहत जून के आखिरी सप्ताह में अच्छी बारिश के बाद मानसून की गतिविधियां अभी तेज नहीं है। इस वजह से अगले कुछ दिन भारी बारिश से राहत है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जुलाई और अगस्त में भी अच्छी वर्षा की उम्मीद है। इस साल मानसून करीब 10 दिन की देरी से 23 तारीख को बस्तर में दाखिल हुआ। देरी के बावजूद मानसून की रफ्तार इतनी तेज थी कि दूसरे ही दिन रायपुर समेत उत्तरी छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में मानसून सक्रिय हो गया। पिछले पांच-छह दिनों में पूरे प्रदेश में इतने जबर्दस्त तरीके से बारिश हुई कि मानसून की देरी के कारण जून में सूखे को लेकर लगाई जा रही अटकलें खत्म हो गईं। 23 जून तक राज्य में बारिश 75 फीसदी तक कम था।

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

## बिष्णुपुर जिले में संदिग्ध कुकी विद्रोहियों ने की फायरिंग, तीन की मौत



**मणिपुर (एजेंसी)।** मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। रुक-रुक कर हिंसा भड़क रही है। इस बीच, एक बार फिर शनिवार देर रात बिष्णुपुर जिले में फायरिंग में तीन मैतेइ वॉलंटियर की मौत की खबर है। यह घटना बिष्णुपुर जिले के खुम्बी थाना अंतर्गत लींगंगताबी पुलिस आउट पोस्ट के पास, लिंगंगताबी आवासीय विद्यालय में हुई।

सूत्रों के मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार देर रात करीब 12.30 बजे उत्तर पश्चिम दिशा से गोलीबारी की आवाज सुनी गई। इसके बाद रात करीब 02:20 बजे, डंपी हिल क्षेत्र से अज्ञात हथियारबंद बदमाशों, संदिग्ध कुकी विद्रोहियों ने वहां तैनात वीडीएफ/पुलिस कमांडो की ओर गोलीबारी शुरू कर दी। वीडीएफ /पुलिस कमांडो ने इसका जवाब दिया। रात भर वीडीएफ /पुलिस कमांडो और संदिग्ध कुकी उपद्रिवियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी चलती रही।

जानकारी के मुताबिक इस दौरान मैतेई वॉलंटियर जो खोइनुमंतबी चिंगथक में बंकर में पोजिशन ले रहे थे, उन्हें कुकी उपद्रवियों से गोलीबारी का सामना करना पड़ा। गोलीबारी की घटना के बाद तीन मैतेई वॉलंटियर खोइजुमंतबी चिंगथक बंकर में मृत पाए गए। मृतकों की पहचान निंगोमबम इबोमचा (34) लीकाई के इबोटोन, हाओबाम इबोचा (41) चिंग्या और नाओरेम राकेश (26) चिंग्या के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल स्थिति पूरी तरह काबू में है। सेना, पुलिस और सुरक्षबलों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

# विधानसभा चुनाव 2023: बिलासपुर में अरविंद केजरीवाल की जनसभा, पंजाब सीएम भगवंत मान भी होंगे शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा से लेकर कांग्रेस तक एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। केंद्रीय मंत्रियों के दौरों के साथ अब आप (आम आदमी पार्टी) नेता भी प्रदेश में किस्मत आजमाने आ रहे हैं। इसी के तहत आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बिलासपुर में जनसभा करेंगे। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अन्य वरिष्ठ नेता भी आएंगे। इसे लेकर प्रदेश कार्यकारिणी ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।



बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होने वाली जनसभा में आप दिल्ली और पंजाब के गवर्नेंस के मॉडल के आधार पर जनता को रिझाने का प्रयास करेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, जैसे कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पार्टी अपना छत्तीसगढ़ ब्लू प्रिंट जनता के बीच रखेगी। बिलासपुर संभाग की 24 सीटों पर आम आदमी पार्टी की नजर है। जिसमें 13 सीटों पर कांग्रेस काबिज है। सात सीटों पर भाजपा तो वहीं दो सीट पर बहुजन समाजवादी पार्टी और एक सीट पर जोगी कांग्रेस का कब्जा है।

राज्य की दोनों ही प्रमुख पार्टियों के साथ तीसरे विपक्ष के रूप में उभरी आम आदमी पार्टी की नजर बिलासपुर संभाग पर है। ऐसे में आम आदमी पार्टी अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सहारे जनता के बीच पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रही है। जिससे आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी को बहुमत मिल सके। फिलहाल माना जा रहा है कि इस बार का मुकाबला रोमांचक हो सकता है। आप के बढ़ते जनाधार को देखकर संभावना है कि बड़ी पार्टियों को नुकसान पहुंचा सकती है।

## छत्तीसगढ़ आएंगे दलाई लामा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया आने का न्यौता



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बौद्ध धर्म गुरू दलाई लामा को छत्तीसगढ़ आने का न्यौता दिया है। सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश जग्गी ने आज धर्मशाला पहुंचकर दलाई लामा से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें मुख्यमंत्री की ओर से छत्तीसगढ़ आने का न्यौता दिया। श्री जग्गी ने इस मौके पर दलाईलामा को छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यकीय गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

धर्मशाला में दलाई लामा से भेंट के दौरान सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यक्ष जग्गी ने मुख्यमंत्री बघेल की बौद्ध विरासत सिरपुर को विकसित करने के साथ वर्ल्ड हेरिटेज में स्थापित करने की मंशा से अवगत कराया। जग्गी ने दलाई लामा को बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें गुरूग्राम सिरपुर में 6 से 9 सितंबर 2023 को आयोजित होने वाले वर्ल्ड बुद्धिस्ट मीटिंग में आमंत्रित किया है।

# नगर सैनिक लगाते फटका, धोते गाड़ी, पिलाते चाय

श्रीकंचनपथ




पुलिस में नियमित पुलिस, पीएससी और आईपीएस के अलावा नगर सैनिक भी होते हैं. इनमें बड़ी संख्या में अनुकम्पा नियुक्ति वाले या अल्प शिक्षित युवा होते हैं। विभाग का पूरा नाम है नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं। ये ताश के जोकर हैं, जहां जरूरत पड़े फिट कर दो। वक्त पड़े तो ये बड़े कीमती होते हैं वरना इनकी कोई पहचान नहीं। वैसे, अंग्रेजी में इन्हें होमगार्ड कहते हैं। प्रशिक्षण के बाद इन्हें पुलिस, अग्निशमन अथवा किसी भी अन्य आपातकालीन सेवा में नियोजित किया जा सकता है। नियुक्ति चाहे कहीं भी हो, विभागीय कर्मचारियों के बीच इनकी कोई खास इज्जत नहीं होती। ये फाइलें लाने-ले जाने के अलावा टेबल कुर्सी साफ करने, गाड़ियां धोने, नियमित कर्मियों को चाय पिलाने तक ही सीमित रहते हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में पुलिस ने इनका बेहतर उपयोग किया है। ये कानून-व्यवस्था की स्थिति संभालने से लेकर अपराध अन्वेषण तक में सहयोग कर रहे हैं। पर एक दर्द इनका रह-रहकर छलक जाता है। वह दर्द है पदनाम और काम के बेमेल होने का। ये कहते हैं कि नाम में सेना होने के बावजूद इनसे सिर्फ चपरासियों जैसा काम लिया जाता है। शिक्षा, प्रशिक्षण और नियुक्ति की शर्त ही इन्हें अपने-अपने विभागों में बेगाना बनाती हैं। वैसे, यही हाल उच्च शिक्षित युवाओं का भी है। वहां भी केवल पदनाम ही बदला है। डोर-टू-डोर मार्केट सर्वे करने वाले दिहाड़ी मजदूर भी अब एक्जीक्यूटिव कहलाते हैं। कॉल सेन्टर के कामगारों पर बिजनेस डेवलपमेंट आफिसर का टैग है। दरअसल, इसके अपने मजे हैं। मजदूर रखो तो श्रम कानून लागू होते हैं। तरह-तरह की जवाबदेही बन जाती है। ज्यादा काम कराओ तो ओवरटाइम देना पड़ता है। इससे तो अच्छा है कि उन्हें एक्जीक्यूटिव बना दो। अफसर बनते ही वह 24 घंटे का मुलाजिम हो जाता है। बिना ओवरटाइम के घंटों बैलों की तरह काम करता है। उसकी स्थिति लगभग बंधुआ मजदूर जैसी होती है। घर पर काम करने वाली बाई अपनी शर्तों पर काम करती है। आप क्या हटाओगे, वह खुद ही काम छोड़ने की धमकी देती है। उसे पता है कि उसके बिना आपका काम नहीं चलने वाला। मोहल्ले की बाइयों में गजब का बहनापा होता है। एक से पंगा लिया मतलब सब से लिया। इसलिए वह छुट्टी मांगती नहीं-मारती है। पैसा काटो तो आंखें तरेरती है। शिक्षा कथित तौर पर लोगों का सशक्तीकरण करती है। पर शिक्षित लोगों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। दरअसल, यह दोष शिक्षा का नहीं बल्कि शिक्षा को व्हाइट कॉलर जॉब से जोड़े जाने का है। खुद ठेला-खोमचा लगाकर दिन में 1000-1500 रुपए कमाए, इसकी बजाय उसे एक ब्रांडेड पट्टा गले में टांगकर 15 हजार की नौकरी करना ज्यादा भाता है। यह ब्रांडेड पट्टा उसकी पहचान होती है-जिसे वह किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहता। इसलिए नगर सैनिक के पदनाम और काम में सामंजस्य नहीं ढूंढना चाहिए। वह सरकारी नौकरी में है, इतना ही काफी है।




## संपादकीय

# मोदी के हमले से नीतीश का भाव बढ़ेगा!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भी विपक्षी पार्टियों पर हमला करते थे और उनको भ्रष्ट व परिवारवादी बताते थे। परंतु विपक्षी पार्टियों की पटना में हुई बैठक के बाद अपनी पहली सभा में उन्होंने जिस तरह से हमला किया वह अभूतपूर्व था। उन्होंने भोपाल में भाजपा के एक कार्यक्रम में सभी विपक्षी पार्टियों को भ्रष्ट बताया, उनके घोटालों की सूची बताई और सब पर कार्रवाई का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की गारंटी है घोटाला करने की तो मेरी गारंटी है सभी घोटालेबाजों पर कार्रवाई करने की। उनकी इस बात का एक मतलब तो यह निकाला जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में विपक्षी पार्टियों के नेताओं और उनके करीबियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई तेजी होगी। प्रधानमंत्री के भोपाल के भाषण की ज्यादा चर्चा इस वजह से भी हो रही है कि उन्होंने पहली बार एक एक नेता का नाम लेकर उस पर हमला किया। उन्होंने तमिलनाडु में डीएमके पर सवा लाख करोड़ रुपए की संपत्ति इकट्ठा करने का आरोप लगाया तो पश्चिम बंगाल में तृणमूल के ऊपर 25 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया। महाराष्ट्र में एनसीपी के ऊपर 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप प्रधानमंत्री ने लगाया। मोदी ने बताया कि पटना में इकट्ठा हुई पार्टियों ने कुल मिला कर 20 लाख करोड़ रुपए का घोटाला किया है। इतना ही नहीं उन्होंने लालू प्रसाद, फारूक अब्दुल्ला आदि कई नेताओं के नाम लेकर कहा कि अगर आप इनके बच्चों का भला करना चाहते हैं तो इनकी पार्टियों को वोट दें और अगर अपने बच्चों का भला चाहते हैं तो भाजपा को वोट दें।

> जनता भी इन आरोपों पर ज्यादा ध्यान नहीं देती है, खासतौर से विधानसभा के चुनाव में। लेकिन लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के मुकाबले भ्रष्टाचार और परिवारवाद का मुद्दा विपक्ष के अभियान को कमजोर करेगा। तभी ऐसा लग रहा है मोदी के हमले के बाद जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भाव बढ़ सकता है। विपक्ष के संभावित गठबंधन में नीतीश कुमार इकलौते नेता हैं, जो निजी तौर पर भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त हैं और उनके परिवार का कोई सदस्य राजनीति में सक्रिय नहीं है।

इस तरह पहली बार इतने तीखे शब्दों में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद का आरोप लगाया। पहले भी इस तरह के आरोप लगते रहे हैं और विपक्षी पार्टियां इनकी अनदेखी करती रही हैं। जनता भी इन आरोपों पर ज्यादा ध्यान नहीं देती है, खासतौर से विधानसभा के चुनाव में। लेकिन लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के मुकाबले भ्रष्टाचार और परिवारवाद का मुद्दा विपक्ष के अभियान को कमजोर करेगा। तभी ऐसा लग रहा है मोदी के हमले के बाद जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भाव बढ़ सकता है। विपक्ष के संभावित गठबंधन में नीतीश कुमार इकलौते नेता हैं, जो निजी तौर पर भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त हैं और उनके परिवार का कोई सदस्य राजनीति में सक्रिय नहीं है। परिवार के किसी व्यक्ति को राजनीति में आगे बढ़ाने का आरोप उनके ऊपर नहीं है। उनका इकलौता बेटा बेरोजगार है फिर भी राजनीति नहीं करता है। उनकी पार्टी के नेताओं के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं। अपने राजनीतिक जीवन में वे ज्यादातर समय वे भाजपा के साथ ही सरकार में रहे हैं इसलिए उनके ऊपर आरोप लगाए जाएंगे तो वो आरोप भाजपा पर भी लगेंगे। बहरहाल, वे भ्रष्टाचार और परिवारवाद दोनों आरोपों से मुक्त हैं। इसलिए विपक्ष के लिए उनका चेहरा आगे करना आसान होगा और फायदेमंद भी हो सकता है।

## हरियाणा में भाजपा का तालमेल टूटेगा

भारतीय जनता पार्टी देश भर में नए सहयोगी तलाश रही है। साथ छोड़ कर चले गए पुराने सहयोगियों को वापस लाया जा रहा है। लेकिन हरियाणा में ऐसा लग रहा है कि भाजपा अपनी सहयोगी जननायक जनता पार्टी से पीछा छुड़ा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हरियाणा दौरे के बाद इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा और जजपा का तालमेल नहीं रहेगा। हालांकि यह तय नहीं हैं कि जजपा राज्य सरकार में रहेगी या नहीं लेकिन यह तय बताया जा रहा है कि भाजपा लोकसभा की सभी 10 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। अगर भाजपा अकेले चुनाव लड़ने का फैसला करती है तो मजबूरी में जजपा को सरकार से अलग होना पड़ सकता है। उसके बाद भी निर्दलीय विधायकों के दम पर सरकार चलती रह सकती है। उस समय कोई भी सरकार गिराने की नहीं सोचेगा क्योंकि लोकसभा चुनाव के तीन चार महीने बाद ही विधानसभा के चुनाव होते हैं।

पहले कहा जा रहा था कि विधानसभा का चुनाव इस बार लोकसभा के साथ ही हो सकता है लेकिन इसकी संभावना कम है। लोकसभा के साथ किसी ऐसे राज्य का चुनाव नहीं होगा, जहां भाजपा सरकार में है या मजबूत स्थिति में है। असल में लोकसभा की कई सीटों को लेकर समीकरण नहीं बैठ रहा है। मिसाल के तौर पर हिसार सीट देख सकते हैं, जिस पर जजपा के नेता और राज्य के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की नजर है। वे पहले वहां से लड़ते रहे हैं। इसी तरह चौटाला परिवार की पारंपरिक सिरसा सीट पर भी उनकी नजर है। दूसरी ओर हिसार सीट पर पूर्व आईएएस बृजेंद्र सिंह भाजपा सांसद हैं, जो बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं। कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए कुलदीप बिश्नोई भी इसी सीट के दावेदार हैं। सो, भाजपा पहले से ही अपने दो नेताओं की खींचतान में फंसी है। भाजपा के एक जानकार नेता का कहना है कि बात एक या दो सीटों की नहीं है, बल्कि पार्टी इस भरोसे में है कि नरेंद्र मोदी के नाम पर वह इस बार भी दसों सीट जीत सकती है। इसलिए वह किसी के लिए सीट नहीं छोड़ना चाहती।

## मणिपुर का संकट गहरा रहा है

मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू हुए 56 दिन हो गए हैं। इतने दिन के बाद राज्य की सरकार और सुरक्षा बलों की ओर से दावा किया जा सकता है कि मोटे तौर पर शांति बहाल हो गई है और हिंसा की घटनाएं कम हो गईं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसी हिंसा, जिसमें किसी की जान जा रही हो, उसमें कमी आई है। लेकिन सरकारी इमारतों व लोगों के घरों पर हमले, तोड़-फोड़, आगजनी आदि की घटनाएं कम नहीं हुईं, बल्कि इनमें बढ़ोतरी हो गई है। केंद्र और राज्य सरकार ने मणिपुर के हालात संभालने में जितनी देरी की उससे हिंसा ने एक नया रूप ले लिया है। इसकी जड़ें गहरी हो गईं और दशकों पुराने घाव हरे हो गए हैं। कुकी और मैती समुदाय के बीच दशकों के प्रयास से जो भरोसा बना था वह समाप्त हो गया है। पिछले 56 दिन में जो घटनाएं हुई हैं उनसे दोनों के बीच ऐसी दूरी बनी है, जिसे फिर से भर पाना निकट भविष्य में मुश्किल दिख रहा है। मणिपुर संकट में कुछ नए आयाम भी जुड़ गए हैं, जिनकी ओर सुरक्षा बलों ने ध्यान दिलाया है। शांति बनाए रखने और उग्रवादियों पर काबू पाने के लिए तैनात सेना व अर्धसैनिक बलों को उग्रवादियों के साथ साथ जन प्रतिरोध का सामना भी करना पड़ रहा है। इसका वीडियो सुरक्षा बलों ने जारी किया है। ये वीडियो हाल की दो घटनाओं के हैं। एक घटना पूर्वी इंफाल की है, जहां इथम गांव में खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने कार्रवाई करके प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लुप यानी केवाईकेएल के 12 कैडर्स को पकड़ा था। इनके पकड़े जाने की सूचना के बाद करीब डेढ़ हजार लोग इकट्ठा हो गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। उन्होंने पकड़े गए उग्रवादियों के आसपास घेरा बना लिया और मजबूरी में सुरक्षा बलों को उन्हें छोड़ना पड़ा।

> यहां मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नजरिये पर भी चर्चा करनी चाहिए। मोदी के बयान के अगले दिन आयोजित इसकी बैठक में तय किया गया कि बोर्ड अपनी राय से विधि आयोग को अवगत कराएगा। मतलब साफ है, बोर्ड के सदस्य इस मसले को सरेआम तूल देने के बजाय फूंक-फूंककर कदम रखना चाहते हैं। वे जानते हैं कि सार्वजनिक हाय-तौबा से भारतीय जनता पार्टी को फायदा मिलेगा।

# सवाल समान नागरिक संहिता का

**शशि शेखर**

न्यायमूर्ति रंजना देसाई उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने संबंधी अपनी रिपोर्ट जल्द वहां की सरकार को सौंपेंगी। बकौल न्यायमूर्ति देसाई- 'हमने सभी पक्षों से बात की है। यह रिपोर्ट सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने के साथ लैंगिक समानता को लागू करने वाली होगी।

यकीनन, उत्तराखंड की भारतीय जनता पार्टी सरकार को यदि एक साल पहले गठित इस आयोग से मनोनुकूल रिपोर्ट मिलती है, तो वह बिना देर किए इसे विधानसभा में ले जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की हरचंद कोशिश होगी कि वह जल्द से जल्द इसे कानून का रूप दे दें। अगर ऐसा होता है, तो गोवा के बाद उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला दूसरा राज्य बन जाएगा। ध्यान रहे, गोवा में समान नागरिक संहिता पुर्तगाली हुक्मरानों ने 1867 में लागू की थी। इसे 1962 में कुछ रद्दोबदल के साथ आजाद गोवा राज्य में भी मान्यता मिल गई थी।

याद करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरी 27 जून को भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह एजेंडा स्थापित कर दिया था। तभी तय हो गया था कि भारतीय जनता पार्टी 2024 के चुनाव के लिए इसी रणनीति पर काम करने जा रही है। प्रधानमंत्री के बयान के बाद संसदीय समिति ने भी केंद्रीय विधि आयोग और कानून मंत्रालय के नुमाइंदों को इस मसले पर तलब किया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि केंद्र सरकार इस मसले को मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश कर सकती है।



विपक्ष सवाल उठा रहा है कि प्रधानमंत्री ने इसके लिए यही समय क्यों चुना? जवाब मुश्किल नहीं है। अगले कुछ महीनों में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस दौरान इस मसले का 'लिटमस टेस्ट' हो जाएगा।

कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी की अगुवाई वाले विधि आयोग ने जब गुजरी 14 जून को इस मामले में तीस दिन के भीतर लोगों की राय मांगी थी, तभी कांग्रेस के जयराम रमेश ने ट्वीट करके पूछा था कि साल 2018 में जब विधि आयोग अपने परामर्श पत्र में साफ तौर पर कह चुका है कि समान नागरिक संहिता की कोई जरूरत नहीं है, तो फिर इस मुद्दे को पुन: क्यों छेड़ा जा रहा है?

विपक्ष का एक सवाल यह भी है कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी एक चौथाई सदी से शासन में है, पर वहां इस तरह की पहलकदमी क्यों नहीं हुई? क्या भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है? ऐसा मान लेना जल्दबाजी होगी। आप 2019 का चुनाव याद करें। भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी अभियान के दौरान जो विज्ञापन सार्वजनिक किए थे, उनमें तीन तलाक और अनुच्छेद 370 का जिक्र मोटे शब्दों में था। मोदी सरकार ने दोबारा सत्ता संभालने के बाद बिना देर किए उनको अमलीजामा पहना दिया। क्या प्रधानमंत्री भोपाल में संदेश दे रहे थे कि आगामी चुनाव जिताइए, हम इस मसले को अंजाम तक पहुंचा देंगे? तीन तलाक और अनुच्छेद 370 की तरह भगवा दल का यह दशकों पुराना वायदा है।

यहां मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नजरिये पर भी चर्चा करनी चाहिए। मोदी के बयान के अगले दिन आयोजित इसकी बैठक में तय किया गया कि बोर्ड अपनी राय से विधि आयोग को अवगत कराएगा। मतलब साफ है, बोर्ड के सदस्य इस मसले को सरेआम तूल देने के बजाय फूंक-फूंककर कदम रखना चाहते हैं। वे जानते हैं कि सार्वजनिक हाय-तौबा से भारतीय जनता पार्टी को फायदा मिलेगा। क्या वे इस मुद्दे पर टीवी पर दहाड़ने वाले मौलानाओं को चुप करा पाएंगे? क्या विपक्ष के बयानवीर संयम बरतेंगे?

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा विरोधी मोर्चे की प्रमुख सदस्य शिवसेना (उद्धव) ने इस मुद्दे पर सहमति जताई है। क्या शरद पवार इसीलिए संयत शब्दों में बोल रहे हैं? यहां आम आदमी पार्टी के रुख पर गौर फरमाइए। पार्टी का कहना है कि यदि सरकार सभी पक्षों की सहमति से इस फैसले को लेती है, तो हम साथ हैं। अनुच्छेद 370 की रुखसती के वक्त भी पार्टी ने उसका समर्थन किया था। तय है, अरविंद केजरीवाल 'राइट फ्रॉम सेंटर' का पुराना फॉर्मूला आजमा रहे हैं। कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस जैसे दल खुलकर खिलाफ हैं। क्या इसका असर विपक्ष की एकता पर पड़ेगा?

यहां आने वाले छह महीनों की दो महत्वपूर्ण घटनाओं पर भी ध्यान देना चाहिए। सितंबर में भारत जी-20 के शासनाध्यक्षों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा। नरेंद्र मोदी इस समूह के अध्यक्ष होने के नाते हर गतिविधि के केंद्र में रहेंगे। इसी तरह, अगले साल के आरंभ में अयोध्या में रामलला के मंदिर का लोकार्पण होगा। आप काशी और उज्जैन के समारोहों को याद कर लीजिए। भव्यता और दिव्यता में उन्होंने तमाम ऐसे आयोजनों को फीका कर दिया था। भाजपा इसका भरपूर लाभ उठाने की कोशिश अवश्य करेगी, ताकि विपक्षी एकता के परवान चढ़ने की स्थिति में भी अपनी नाव पार लगाई जा सके।

कांग्रेस की दृष्टि से देखें, तो पिछले चुनाव के बाद एक सकारात्मक परिवर्तन जरूर हुआ है। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद अपनी छवि पर थोप दी गई नकारात्मकता से मुक्ति पा ली है। अब उन्हें कोई 'पप्पू' नहीं कहता। वह लगातार अपनी 'इमेज' पर काम कर रहे हैं। जब जस्टिस रंजना देसाई पत्रकारों से बात कर रही थीं, तब वह मणिपुर में हिंसा पीड़ितों से मिल रहे थे। इससे पूर्व वह कभी ट्रक यात्रा, तो कभी छात्रों या कामगार महिलाओं के बीच पहुंचकर सुर्खियां बटोरने की कामयाब कोशिश कर चुके हैं। हिमाचल और कर्नाटक जीत से कांग्रेस का हौसला बढ़ा हुआ है। इस दौरान प्रियंका गांधी ने तेजी से अपनी मौजूदगी का एहसास कराया है और पार्टी ने अध्यक्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे को चुनकर छिटके हुए दलित मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश की है। खड़गे के केंद्रीय भूमिका में आ जाने से परिवारवाद के आरोप भी धुंधले पड़े हैं।

क्या 2024 के लिए इतना काफी है?

यहां विपक्षी एकता की बात करने में भी कोई हर्ज नहीं। पटना में 23 जून को पंद्रह दलों ने साथ चुनाव लड़ने की कसम खाई थी। अब वही नेता बेंगलुरु में दोबारा मिलने जा रहे हैं। ये नेता अपने-अपने क्षेत्रों और समूहों में अवश्य कद्दावर हैं, पर राष्ट्रीय रायशुमारी के वक्त उन्हें ठोस मुद्दों के साथ मैदान-ए-जंग में उतरना होगा। उन्हें याद रखना चाहिए कि अब तक मोदी और शाह की जोड़ी ने कई चुनावों में जाति और वर्ग के बंधनों को तोड़ा है। इस चुनाव में भी धर्म, राष्ट्रवाद, जन-कल्याण और प्रधानमंत्री की मजबूत शख्सियत के नाम पर तीसरी जीत की व्यूह रचना रची जाएगी।

यही वजह है कि प्रतिपक्ष को जल्दी ठोस निर्णय पर पहुंचना होगा, क्योंकि भाजपा ने अपने मोहरे बैठाने शुरू कर दिए हैं।

# आखिर किनके गुनाहों की सजा भोगते हैं ये बच्चे

**इमानुएल जाल, हिप-हॉप स्टार**

शरणार्थी शिविरों में टूटी-सहमी जिंदगियों को कभी आपने करीब से देखा है? उनमें रहने वाले उन बेकसूर बच्चों की आंखों में कभी झांका है, जिनसे उनकी जिंदगी के सबसे हसीन, बेफिक्री के दिन छीन लिए गए? या कभी उन मासूमों से यह सवाल करने की हिम्मत जुटाई है कि उनसे उनका बचपन छीनकर जब उनके हाथों को हथियार थमाए गए थे, तब कैसा लगा था? इमानुएल जाल ने इन सबको भोगा-सहा है। साल 2009 में आई उनकी आत्मकथा वार चाइल्ड... एक दर्दनाक महागाथा है, जो काफी चर्चित भी हुई।

आज से करीब 40 साल पहले सूडान (अब दक्षिण सूडान) के एक छोटे से गांव 'तोंज' में जाल पैदा हुए। जिस कबाइली समाज से वह आते हैं, उसके पिछड़ेपन का अंदाज इसी से लगाइए कि जाल को यह तक नहीं पता था कि उनकी पैदाइश किस तारीख को हुई। लिहाजा उन्होंने खुद ही 1 जनवरी की तारीख तय कर ली। सूडान आज भी दुनिया के नाकाम मुल्कों में पहली कतार में शामिल है, तब तो वहां दूसरा गृह युद्ध भी छिड़ चुका था। जाल महज पांच साल के थे, उन्होंने अपनी आंखों के आगे अपने गांव को धधकते देखा। गांव ही तो उन जैसे बच्चों की पूरी दुनिया होती है, मगर बागी गुटों ने उनकी दुनिया को आग लगा दी थी। इतना ही नहीं, दरिंदों ने उनकी आंखों के सामने एक करीबी रिश्तेदार का बलात्कार भी किया।

वहशत भरे उस वक्त में एक-एक दिन काटना दुश्वार था। लोग रोज मारे जा रहे थे। मां हर दूसरे-तीसरे दिन किसी न किसी निकट संबंधी की मौत पर विलाप करती थीं। हिंसा का कोई अंत नहीं दिख रहा था। जाल जब सात साल के हुए, इस गृह युद्ध ने उनकी मां की जान ले ली। उन्हें सरकार समर्थक लड़ाकों ने ही मार डाला था। इस बात ने उनके भीतर एक ऐसी टीस पैदा की कि अपने पिता से उनके ताल्लुकात कभी सहज नहीं हुए। दरअसल, जाल के पिता उन दिनों मुल्क की फौज सूडान पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (एसपीएलए) का ही हिस्सा थे। उस दौर का आलम यह था कि सब अपनी जान बचाकर इधर-उधर भाग रहे थे और इसी आपा-धापी में जाल के भाई-बहन भी उनसे बिछड़ गए। परिवार के परिवार बिखर गए थे। पनाहगाहों में कोई पराया नहीं होता। जाल को पता चला कि कई बच्चे इथियोपिया ले जाए जा रहे हैं, ताकि वहां उन्हें सुकून से जीने या पढ़ने का मौका मिल सके। सूडान में जाल के लिए वैसे भी क्या बचा था, वह भी उस काफिले में शामिल हो गए। मगर वह काफिला मंजिल पर पहुंचता, उसके पहले ही जाल और उन जैसे बच्चों को सरकारी फौज में शामिल करने के लिए ट्रेनिंग



शिविर पहुंचा दिया गया।

जाल तब सिर्फ आठ साल के थे। उन्हें तो यह भी नहीं पता था कि युद्ध किसलिए होता है? मगर बदले की एक भावना उनके अंदर खदबदा रही थी। प्रशिक्षण शिविर में पहुंचते ही जाल ने ट्रेनिंग ऑफिसर से कहा, जितना मुमकिन हुआ, वह उतने अधिक मुसलमानों व अरबों को मारेंगे। प्रशिक्षण आसान नहीं था, मगर वह अपने परिवार व गांव के उजड़ने का बदला लेना चाहते थे। तीन वर्षों तक जाल और दूसरे किशोर हथियार चलाते रहे, मगर आहिस्ता-आहिस्ता उन्हें इस सच का इलहाम हो ही गया कि हमें मुस्लिम या अरब नहीं मार रहे, बल्कि कोई और है, जो किसी दूसरी जगह बैठकर पूरे सिस्टम को संचालित करने के लिए मजहब का और हमारा इस्तेमाल कर रहा है। उसे तेल, हीरा, सोना व जमीन चाहिए।

इस सच को जानने के बाद जाल अपने हमउम्र साथियों के साथ भाग खड़े हुए। वे लगभग 400 बाल सैनिक थे, जो अगले तीन महीने तक भागते रहे। मौत हर कदम पर उनकी संख्या कम करती गई और आखिरकार जब वे वात शहर पहुंचे, तब महज 16 रह बचे थे। 11-12 साल के ये बच्चे किनके गुनाहों की सजा भोग गए? दुनिया को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। जाल को यह बात बुरी तरह सताने लगी थी। वात शहर में उनकी मुलाकात एक ब्रिटिश राहतकर्मी एम्मा मैक्यून से हुई। एम्मा ने जाल को बहुत समझाया कि तुम अभी महज 11 साल के हो, तुम्हारी उम्र फौजी बनने की नहीं। एम्मा ने न सिर्फ उन्हें गोद लिया, बल्कि उन्हें छिप-छिपाकर केन्या ले आईं। नैरोबी के ब्रुकहाउस इंटरनेशनल स्कूल ने एक किशोर फौजी को नए सिरे से गढ़ना शुरू किया। मगर किस्मत ने फिर दगा दिया। एम्मा एक सड़क दुर्घटना में मारी गईं और उनके पति को यह गवारा न था कि जाल उनके साथ रहें। जाल को एक मलिन बस्ती में शरण लेनी पड़ी। मगर एम्मा के दो दोस्तों ने जाल को अपनी पढ़ाई जारी रखने में भरपूर मदद की। कॉलेज में पढ़ते हुए ही उन्होंने अपनी जिंदगी के दर्द को कागज पर उतारना शुरू किया। वह उसे कभी-कभी गाने भी लगे थे। जाल ने पाया कि हिप-हॉप शैली में गजब की रूहानी-राजनीतिक ताकत है। उन्होंने अपने गुजरे जीवन को आवाज क्या दी, वह केन्याई लोगों के दिल में उतरते चले गए।

धीरे-धीरे जाल ने अपने गायन के जरिये लावारिस बच्चों के लिए धन एकत्र करना शुरू किया। फिर उनका एल्बम आया ऑल वी नीड इज जीसस। यह केन्या में तो हिट रहा ही, ब्रिटेन में भी खूब पसंद किया गया। उसके बाद फिर जाल ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अब तक उनके 15 म्यूजिक एल्बम आ चुके हैं, उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है और उनकी आत्मकथा ने उन्हें दुनिया भर में मानवाधिकारों व बाल अधिकारों के प्रवक्ता के रूप में स्थापित कर दिया है। बेसहारा बच्चों के कल्याण से वाबस्ता कई कार्यक्रमों से वह जुड़े हैं। अरबों की दौलत और शोहरत के मालिक इमानुएल जाल अब दुनिया भर में, खासकर अफ्रीकी देशों में घूम-घूमकर बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने और शिक्षा में निवेश का अलख जगा रहे हैं।


**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# गुरु... जिन्होंने एकांत में स्वयं को खोजा

**अरविंद घोष, आध्यात्मिक गुरु**

अति मेधावी क्रांतिकारी पर हत्या और राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चल रहा था। सामने जज की कुरसी पर वह अंग्रेज बैठता था, जो प्रशासनिक सेवा परीक्षा में 26वें स्थान पर रहा था और कठघरे में खड़ा मेधावी आरोपी 18वें स्थान पर। अंग्रेज हर मुमकिन साजिश में थे कि किसी तरह से मेधावी का जीवन नष्ट कर दिया जाए, पर शायद अंग्रेज जज यह भूल नहीं पा रहे थे कि योग्यता में उनसे भी बहुत बेहतर इंसान और चौदह वर्ष इंग्लैंड में पढ़ाई करने वाले की जिंदगी का फैसला करना है। अलीपुर विस्फोट मामले में 40 क्रांतिकारी पकड़े गए थे, पर अंग्रेजों ने उस मेधावी को ही मुख्य आरोपी बनाया था। अंग्रेज मानकर चल रहे थे कि क्रांतिकारियों में यही आदमी सबसे तेज व पढ़ा-लिखा है, तो इसीलिए यही सरगना होगा और इसे सजा देना सबसे जरूरी है।

मेधावी आरोपी कठघरे में चुपचाप खड़े रहते। सामने जज को देख इंग्लैंड के दिन भी याद आते थे। याद आ जाता कि कम आयु में ही शल्य चिकित्सक पिता ने पढ़ने के लिए इंग्लैंड भेज दिया। पश्चिमी संस्कृति में रचे-बसे पिता की बड़ी तमन्ना थी कि मेधावी बेटा ब्रिटिश प्रशासनिक सेवा में उच्चाधिकारी बने। पुत्र ने भी पढ़ाई-लिखाई में निराश नहीं किया। दर्शनशास्त्र जैसा कठिन विषय चुना और अंग्रेजी के साथ ही, फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, इटालियन में भी माहिर हुए। संयोग देखिए, महज घुड़सवारी में नाकाम होने की वजह से उच्चाधिकारी नहीं बन पाए। योग्यता में कहीं से कोई कमी न थी, पर अंदर देशसेवा की भूख थी, जो वापस स्वदेश खींच लाई।



दर्शनशास्त्र पढ़ाने लगे। जल्दी ही मराठी, गुजराती, बांग्ला, संस्कृत में भी पारंगत हो गए। यह संयोग ही था कि सारी कुशलता कठघरे में आ खड़ी हुई थी, गुलामी की बेड़ियों में जकड़ी हुई, लाचार, अवसादग्रस्त। पता नहीं, जीवन आगे है भी या नहीं! उन दिनों क्रांतिकारियों को फांसी देने में अंग्रेज देर नहीं करते थे। साथी क्रांतिकारी 18 वर्षीय खुदीराम बोस कुछ ही दिन पहले फांसी चढ़ाए गए थे। बहुत प्रतिकूल माहौल था, अदालती कठघरे में खड़ा होना बिल्कुल अच्छा नहीं लगता था, बिना अपराध किए ही सजा की नौबत आ गई थी। आजाद होने की कोशिश, मानवीयता की मांग क्या गलत है? राष्ट्रप्रेम में कौन सा अपराध कर दिया है कि जेल में एक छोटी सी कोठरी मिली है। एक थाली, एक कटोरा, कंबल और कुछ कपड़े। रहने, सोने, सोचने और शौच के लिए बस एक कमरा। शातिर माना गया है, इसलिए कालकोठरी में अकेले रखा गया है। आंखें चारों ओर देखती हैं, तो एकांत काटने दौड़ता है, दीवारें चारों ओर से घिरने-गिरने लगती हैं। मन बहुत उदास हो जाता है, कोई सहारा नहीं मिलता। पिता का क्या सपना था और कहां आ गए? क्या ऐसी ही जिंदगी के लिए बने थे? जिधर देखो, भय और दुख का एहसास होता है। सोचते-सोचते एक रात यह प्रश्न पैदा हुआ कि आखिर देखा कहां जाए? किसे देखा जाए कि दुख न हो, भय न लगे? कहा गया है कि वास्तव में मनुष्य स्वयं अपना सर्वश्रेष्ठ गुरु होता है। गुरु वही होता है, जो स्वयं को जान लेता है। कालकोठरी दिन में भी रोशनी के लिए तरसती थी। रात होते ही अंधेरा और गाढ़ा हो जाता था। ऐसी जगह ऐसी रात में बाहर क्या देखना, उन्होंने अपने मन को एकाग्र किया। शांत बैठ गए। मन को भटकने से रोकने लगे और यहीं से खुद को जानने की शुरुआत हुई। पढ़ाई-लिखाई की पश्चिमी नास्तिक बगिया में ठेठ भारतीय आस्तिकता के पुष्प खिलने लगे। उन्होंने स्वयं को सत्य की रोशनी में देखा और रोज देखने लगे, अभ्यास हो गया।

वह दिन आया, जब जज ने घोषणा कर दी, अरविंद घोष निर्दोष हैं। लगभग साल भर बाद जब वह कैद से छूटे, तब कृष्ण प्रेम में डूबे बिल्कुल अलग इंसान थे। उन्होंने बाहर आकर बताया कि किसी संघर्ष के लिए बाह्य साधन उतने उपयोगी तथा आवश्यक नहीं हैं, जितना कि आंतरिक बल। भारतीयों ने जब अपने आंतरिक बल को खोया, तभी परतंत्र हुए। अरविंद घोष (1872-1950) ने अपना रास्ता बदल दिया। ब्रिटिश सत्ता से दूर फ्रेंच सत्ता वाले पुड्डुचेरी पहुंचकर घोषणा कर दी कि जहां राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए असंख्य नेता संघर्षरत हैं, वहां मैं वैचारिक मुक्ति के लिए अकेले ही परोक्ष युद्ध करूंगा।

राष्ट्र को एक ऐसे राष्ट्रवादी गुरु प्राप्त हुए, जो हर नागरिक को महामानव या सुपरमैन बनाना चाहते थे। एक ऐसे गुरु, जो इस देश पर थोपे नहीं गए, बल्कि देश की जरूरतों के अनुरूप अवतरित हुए। उन्होंने बार-बार आह्वान किया कि स्वयं को देश के योग्य बनाओ, जो भी करो, देश के लिए ही करो। हमारा वास्तविक शत्रु बाहर की कोई शक्ति नहीं है। वह तो हमारी ही निरी मूर्खता, कायरता, स्वार्थ, पाखंड और अंधी भावुकता है।

**प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)







# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़









## खास खबर

### पौधा तुंहर द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ

**मोहला।** जिले में पौधा तुंहर द्वार कार्यक्रम का आज कलेक्ट्रेट में पौधारोपण कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जीव जंतु बोर्ड के अध्यक्ष संजय जैन, जनपद पंचायत मोहला के उपाध्यक्ष श्रीमती गामिता नोन्हारे, कलेक्टर एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, एडीएफ्ओ उत्तम कुमार विधायक प्रतिनिधि दिलीप सिंघने, सरपंच मोहला श्रीमती सरस्वती ठाकुर कार्यक्रम के साक्षी बने। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को फ्लदार पौधे वितरित किया गया। पौधा तुंहर द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत मोबाइल नंबर 87707 88063 पर कॉल करने पर नागरिकों नि:शुल्क घर पहुंच सेवा के साथ पौधा उपलब्ध कराया जाएगा। वन विभाग द्वारा हाट बाजार में नागरिकों को पौधा वितरित किया जाएगा। नागरिकों से अपील किया गया है, कि धरती को हरा भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण कर, प्रकृति की संरक्षण और सुरक्षा में सहभागी बने।

### जुलाई अंत तक पूर्ण करें स्टेडियम मरम्मत का कार्य-कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज बोईरदादर स्थित रायगढ़ स्टेडियम का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्टेडियम में किए जा रहे मरम्मत कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने खिलाडियों एवं जन सामान्य की सुविधाओं को ध्यान में रखकर कार्य में तेजी लाने एवं सभी कार्यों को 30 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा रायगढ़ स्टेडियम के इंडोर बैडमिंटन कोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने कोर्ट की मरम्मत कार्यों को देखा एवं गैलरी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की जिम के कार्य पूर्ण होने से लोगों को शहर के अंदर ही अत्याधुनिक सुविधाओं वाला जिम मिल पाएगा। उन्होंने जिम के आवश्यक उपकरणों को बदलने के निर्देश दिए। साथ ही जिम हॉल में एसी और अन्य छोटे बड़े कार्यों को करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने टॉयलेट निर्माण की जानकारी लेते हुए निर्माणाधीन टॉयलेट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ताइक्वांडो हॉल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ताइक्वांडो हॉल को ताइक्वांडो, टेबल टेनिस के साथ मल्टी पर्पज हॉल की तरह बनाने के निर्देश दिए, ताकि बेहतर उपयोग किया जा सके। उन्होंने फ्लोरिंग कार्य के साथ सीपेज ट्रीटमेंट के कार्य को भी देखा। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिन्हा बास्केट बॉल कोर्ट पहुंचे। उन्होंने निर्माण कार्य जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जो कार्य पहली प्राथमिकता में हैं, उन्हे अतिशीघ्र करें, ताकि खिलाडियों को जल्दी सुविधाएं मिल सके। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि स्टेडियम को बेहतर किया जा रहा हैं, इसका मेंटेंस अति आवश्यक है।

## जीएसटी के 6 वर्ष पूर्ण: कैट ने जीएसटी कर प्रणाली की नये सिरे से समीक्षा किए जाने का आग्रह किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज केन्द्रीय जीएसटी एवं उत्पाद शुल्क कमिश्नर श्री मोहम्मद अबू शमा ने जीएसटी के 6 वर्ष पूर्ण होने पर कैट सी.जी. चैप्टर का सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम में कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधी मंडल शामिल हुआ।



कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि देश में आज जीएसटी लागू होने के 6 वर्ष पूर्ण होने को एक बड़ी सफ्लता बताते हुए कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने हुए कहा की एक देश - एक कर की उनकी अवधारणा को देश भर में व्यापक सफ्लता मिली है जो इस बात से साबित होता है की जीएसटी का राजस्व अब लगभग 1 लाख 60 हज़ार करोड़ प्रति माह रुपये हो गया है जो एक बड़ा कीर्तिमान है तथा जिससे केंद्र एवं सभी राज्य सरकारों के राजस्व में ज़बरदस्त वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में देश भर के व्यापारी वर्ग का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। जीएसटी में लगभग 17 प्रकार के अप्रत्यक्ष कर एवं लगभग 13 प्रकार के सेस समाहित होने से व्यापारी वर्ग को अनेक प्रकार के सरकारी विभागों से मुक्ति मिली है किंतु अभी भी जीएसटी को अत्यधिक सरल करने की ज़रूरत है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने जीएसटी की सफ्लता पर बधाई देते हुए कहा की जीएसटी कर प्रणाली को स्थायी बनाने तथा वर्तमान में विद्यमान विसंगतियों को दूर कर एक अधिक सरल कर प्रणाली बनाने के लिए एक विशेष टास्क फ़ोर्स का गठन किया जाए जिसमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के अलावा व्यापारी एवं उद्योग के प्रतिनिधि शामिल हों। यह टास्क फ़ोर्स जहां जीएसटी कर प्रणाली को युक्तिसंगत बनाने तथा व्यापारियों पर क़ानून एवं नियमों की बहुतायत पालना को कम करने के लिए सुझाव देगी वहीं दूसरी ओर कर का दायरा कैसे अधिक विकसित हो, फ़र्ज़ी बिलिंग तथा ग़लत इनपुट लेने को रोकने के बारे में भी सुझाव दे ।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा की देश में पिछले 6 वर्षों से लागू जीएसटी कर प्रणाली को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकारों तथा व्यापारियों को अनेक प्रकार के अनुभव हुए हैं और उन्हीं अनुभवों के आधार पर इस कर प्रणाली की नये सिरे से समीक्षा की जाए और ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस के विजन के आधार पर जीएसटी को एक ऐसी सरल एवं सुविधायुक्त कर प्रणाली के रूप में विकसित किया जाए जिसका पालन एक आम व्यापारी भी आसानी से कर सके । उन्होंने यह भी सुझाव दिया की देश में प्रत्येक ज़िला स्तर पर कलेक्टर कि अध्यक्षता में एक जीएसटी समन्वय समिति का गठन किया जाए जिसमें स्थानीय कर एवं अन्य अधिकारी तथा स्थानीय व्यापारी संगठनों के लोग शामिल हों। उपरोक्त कार्यक्रम में कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे : अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, भरत जैन, राकेश ओचवानी, अवनीत सिह एवं महेन्द्र कुमार बागरोडिया आदि।

## भिलाई की कोमल और आकांक्षा भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम के चयन ट्रायल में भाग लेंगी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई की निवासी और भिलाई में पली बढ़ी कोमल सिंह और आकांक्षा बनाफ्र आगामी एशियाई खेल 2023 के लिए सीनियर भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम के चयन ट्रायल में भाग ले रही हैं। यह सलेक्शन ट्रायल्स 29 जून से 1 जुलाई 2023 तक बैंगलोर में आयोजित किया गया था। इस ट्रायल में चयनित महिला खिलाड़ी, भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व हांगझू (चीन) में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2023 तक होने वाले एशियाई खेल में करेंगी।

दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने खेल-कैरियर की शुरुआत भिलाई इस्पात संयंत्र के वॉलीबॉल ग्राउंड से की। जहां उन्होंने बीएसपी के प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया। ये दोनों होनहार खिलाड़ी संयंत्र की महिला टीम की सदस्य भी रह चुकी हैं। साथ ही दोनों एचवीसी भिलाई की खिलाड़ी रहीं हैं। आकांक्षा बनाफ्र अपने स्कूल के दिनों में एचवीसी, भिलाई की नियमित खिलाड़ी रही, लेकिन पिछले साल उनका चयन एसएआई, तिरूवनंतपुरम (त्रिवेन्द्रम) केरला में हुआ और अब वह इस प्रतिष्ठित केंद्र में उन्नत कोचिंग प्राप्त कर रही हैं। कोमल सिंह के दादाजी बीएसपीकर्मी रहें हैं। इस उपलब्धि पर उन्हें भिलाई-दुर्ग के सभी वॉलीबॉल प्रेमियों ने शुभकामनाएं प्रदान की है।

## केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत 1 से 15 जुलाई,2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज केंद्रीय विद्यालय न.2, दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य योजना आयोग, छतीसगढ़ के सदस्य डॉ के. सुब्रह्मण्यम एवं उपमहानिदेशक रोशन लाल साहू द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वनोद कुमार, उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के उपमहानिदेशक रोशन लाल साहू द्वारा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के उप निदेशक आशुतोष अवस्थी एवं केंद्रीय विद्यालय न.2, रायपुर के प्राचार्य सुजीत सक्सेना भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण विषय पर स्वागत गान एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। सुजीत सक्सेना, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय 2 के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया । उन्होनें प्रकृति को बचाने के लिए वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान के महत्व पर छात्रों को संबोधित किया गया। उन्होनें कहा कि ग्रीन हाउस प्रभाव के कारण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार, उपायुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर द्वारा दैनिक जीवन में सफ्ई का महत्व बताते हुए विश्व को सुंदर बनाए रखने में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## संभागायुक्त महादेव कावरे ने बालोद जिला के कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** संभागायुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे ने बालोद जिला के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय एवं तहसीलदार कार्यालय बालोद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उन्होने अनुविभागीय अधिकारी बालोद के न्यायालय का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों के अवलोकन में पाया कि भू अर्जन के प्रकरणों को नियमित रूप से ऑनलाइन में अपलोड नही किया जा रहा है।



जिस पर उन्होंने संबंधित कर्मचारी को फटकार लगाते हुए नियमित रूप से प्रकरण ऑनलाइन में दर्ज करने के निर्देश दिए साथ ही तहसीलदार न्यायालय में 230 लंबित प्रकरणों में शीघ्र निराकरण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। कैश बुक एवं अन्य अभिलेखों का करे नियमित अद्यतन, लापरवाही बरतने पर कर्मचारी निलंबित - न्यायालय तहसीलदार बालोद के निरीक्षण के दौरान कैश बुक, अभिलेख पासबुक, आदेशिका पंजी में संबंधित पीठासीन अधिकारी के विगत कुछ वर्षो से हस्ताक्षर नहीं कराए जाने, लगभग 3000 प्रकरणों को रिकार्ड रूम में जमा नही करने एवं अभिलेख अद्यतन नही पाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारी लीलाधर ठाकुर, वाचक को तत्काल निलंबित कर दिया गया साथ ही संबंधित तहसीलदार परमेश्वर मंडावी को 15 दिवस के भीतर समस्त रिकॉर्ड अद्यतन करने एवं एक वर्ष से अधिक समय से लंबित 49 न्यायालयीन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने साथ ही निराकृत प्रकरणों को रिकार्ड रूम में जमा करने के सख्त निर्देश दिए गए। लंबित प्रकरणों के निराकरण में लाए तेजी, पुराने प्रकरणों के निराकरण के लिए नियमित करे सुनवाई संभागायुक्त ने न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार न्यायालय में 92 प्रकरण एवं नायब तहसीलदार में 133 के त्वरित निराकरण करने एवं 02 वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों में नियमित सुनवाई करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

## भिलाई इस्पात संयंत्र ने उत्पादन को दी गति, संयंत्र के विभिन्न विभागों ने स्थापित किये नये कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों द्वारा शिफ्ट उत्पादन, दैनिक उत्पादन तथा मासिक उत्पादन कर नये कीर्तिमान स्थापित किये। उत्पाद की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ग्राहक संतुष्टि को अपना लक्ष्य रखकर, विभिन्न विभाग उत्पादन के नए आयाम बना रहे हैं और भीषण गर्मी के बावजूद उत्पादन को एक नयी गति प्रदान की है।



मर्चेंट मिल: भिलाई इस्पात संयंत्र के मर्चेंट मिल ने लगातार तीन दिन एंगल 75 का रिकॉर्ड उत्पादन कर इतिहास रच दिया है। पिछले सभी दैनिक और शिफ्ट रिकॉर्ड को तोड़ते हुए मर्चेंट मिल ने दिनांक 28 जून 2023 को एंगल 75ग8 प्रोफाइल में 2225 टन का रिकॉर्ड दैनिक उत्पादन और 838 टन का रिकॉर्ड शिफ्ट उत्पादन किया। दिनांक 29 जून 2023 को एंगल 75ग10 प्रोफाइल में 2202 टन का दैनिक उत्पादन और 862 टन का शिफ्ट उत्पादन दर्ज कर मर्चेंट मिल ने नए रिकॉर्ड बनाए। दिनांक 30 जून 2023 को इस रिकॉर्ड को भी ध्वस्त करते हुए मर्चेंट मिल ने एंगल 75ग10 प्रोफाइल में 2342 टन का उत्पादन किया।

**वायर रॉड मिल:** वर्ष 2023 के जून माह में संयंत्र के वायर रॉड मिल ने भी उत्पादन तथा प्रेषण के नये कीर्तिमान स्थापित किये। दिनांक 30 जून 2023 को वायर रॉड मिल ने 6,6,5.5 एम.एम. प्लेन वायर रॉड रोलिंग के दौरान 1598 टन दैनिक उत्पादन के पुराने कीर्तिमान को ध्वस्त करते हुये 1603 टन उत्पादन का नया रिकॉर्ड स्थापित किया। वायर रॉड मिल दैनिक उत्पादन के साथ-साथ पाली उत्पादन का भी नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। वायर रॉड मिल ने 30 जून 2023 की तृतीय पाली (सी शिफ्ट) में 590 क्वाईल्स के उत्पादन के साथ शिफ्ट रिकॉर्ड दर्ज किया है, जबकि पिछला सर्वश्रेष्ठ 572 क्वाईल्स का था।

एसएमएस-3 रूट के द्वारा प्राप्त बिलेट की रोलिंग से माह जून, 2023 के दौरान प्रेषण के क्षेत्र में भी नये कीर्तिमान स्थापित हुये। मार्च 2023 में स्थापित 39064 टन के मासिक प्रेषण रिकॉर्ड को पीछे छोडते हुये जून, 2023 में 40693 टन वायर रॉड प्रेषण किया गया, जोकि अब तक का सर्वश्रष्ठ प्रेषण है। माह जून में 25179 टन का डायरेक्ट डिस्पेच किया गया, जो कि सितंबर 2019 को किये गये 19550 टन डायरेक्ट डिस्पेच से कहीं अधिक है ।

**यूआरएम:** इसी क्रम में 416 नग ब्लूम्स के रोलिंग के साथ युनिवर्सल रेल मिल विभाग ने भी अब तक का सबसे श्रेष्ठ दैनिक रोलिंग रिकॉर्ड दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया हैद्य

**सीओ-सीसीडी:** संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने जून 2010 में पिछला सर्वश्रेष्ठ औसत पुशिंग रिकॉर्ड 763 ईक्यू दर्ज किया था । अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ औसत पुशिंग रिकॉर्ड को पार करते हुए, इस वर्ष जून माह में ओवन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ औसत पुशिंग 794 ईक्यू (23831) दर्ज कर नया कीर्तिमान बनाया ।


कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग द्वारा 801 ईक्यू ओवन की औसत पुशिंग के साथ अब तक की सर्वश्रेष्ठ पहली तिमाही की पुशिंग (72850) रही, जो अपने पिछले रिकॉर्ड से बेहतर रहा । वर्ष 2010-11 में पिछला सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 771 ईक्यू ओवन पहली तिमाही की पुशिंग (कुल 70197) दर्ज किया गया था।

### राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरुआत

**कांकेर।** संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी ने आज शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला चिकित्सालय कांकेर में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ किया तथा सिकल सेल एनीमिया के 4 मरीजों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड का वितरण किया । इस अभियान के अन्तर्गत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 209 लोगों की स्क्रीनिंग जांच की गई। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा विशेष अभियान शिविरों में यह जांच सुविधा उपलब्ध होगी।










# राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन से प्रदेश में सिकलसेल की जांच और इससे बचाव की गतिविधियों में आएगी तेजीः टीएस सिंहदेव

## प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ, मिशन में छत्तीसगढ़ के सभी जिले शामिल

### स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़ें शुभारंभ कार्यक्रम में, लाभार्थियों को बांटे सिकलसेल जेनेटिक स्टेटस कार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा है कि राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन से प्रदेश में सिकलसेल की जांच और इससे बचाव की गतिविधियों में तेजी आएगी। राज्य सरकार पहले से ही इसके उन्मूलन के लिए गंभीरता से काम कर रही है। हाल ही में रायपुर में सिकलसेल संस्थान के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की आधारशिला भी रखी गई है।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के शुभारंभ के मौके पर ये बातें कहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहडोल से राष्ट्रीय स्तर पर मिशन का शुभारंभ किया। श्री सिंहदेव रायपुर के राजातालाब हमर अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शुभारंभ कार्यक्रम से जुड़े। सांसद सुनील सोनी, पूर्व विधायक नंदे साहू, स्वास्थ्य विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान और पार्षद आकाश तिवारी भी इस दौरान उनके साथ मौजूद थे।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के शुभारंभ के मौके पर कहा कि विवाह के पूर्व और बच्चे के जन्म के पहले सिकलसेल की जांच अवश्य करानी चाहिए। छत्तीसगढ़ में हर दस में से एक व्यक्ति सिकलसेल वाहक है। सभी लोगों को इसकी जांच कराना चाहिए। सिकलसेल की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीओसी किट की भी खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस




बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता अब बढ़ रही है। इसके पीड़ितों को रक्त चढ़ाने या अस्पताल में भर्ती होने की नौबत अब बहुत कम आ रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम में 30 सिकलसेल रोगियों को सिकलसेल जेनेटिक स्टेटस कार्ड वितरित किया।

राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने राजातालाब हमर अस्पताल पहुंचे श्री सिंहदेव ने अस्पताल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को कैल्शियम और आयरन की गोलियों की महतारी टोकरी प्रदान किया। स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कार्यक्रम में मौजूद सभी डॉक्टरों का सम्मान भी किया। देश में आनुवांशिक बीमारी सिकलसेल को दूर करने भारत सरकार द्वारा आज राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरूआत की गई है। वर्ष 2047 तक सिकलसेल को खत्म करने करने देश के 17 राज्यों के 278 जिलों में यह मिशन संचालित किया जाएगा। इस मिशन में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों को शामिल किया गया है। मिशन के अंतर्गत विकासखंडवार लोगों को सिकलसेल के कारण और बचाव के उपाय बताए जाएंगे। साथ ही जरूरी जांच और इलाज भी मुहैया कराया जाएगा। प्रदेश में इसके शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुरेन्द्र पामभोई, उप संचालक डॉ. के.आर. सोनवानी, रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी और सिविल सर्जन डॉ. एस.के. भंडारी सहित स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कई अधिकारी उपस्थित थे।

## खास खबर...

### केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय में मनाया गया जीएसटी दिवस

**रायपुर (ए)।** जीएसटी लागू होने की 6 वीं वर्षगांठ पर 1 जुलाई को केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय में समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में उद्योग और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों, कर सलाहकार संगठनों के प्रतिनिधियों, सर्वाधिक राजस्व देने वाले करदाताओं एवं अन्य प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रित किया गया था। इसके अलावा विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के शुरुआत में अजय अग्रवाल, उपायुक्त ने आमंत्रित अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण दिया। इसके उपरांत ए के पंडा, भिलाई स्टील प्लांट के कार्यपालक निदेशक (वित्त) ने जीएसटी लागू होने के बाद देश के अर्थव्यवस्था में सकारात्मक सुधार के संबंध में बताया। कार्यक्रम को अमर पारवानी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, संदीप गोयल, प्रबंध निदेशक, मेसर्स बजरंग पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड, विकास गोलछा, सीए आदि ने संबोधित किया।इसके उपरांत मो. अबु सामा, आयुक्त ने छत्तीसगढ़ राज्य में जीएसटी अनुपालन में बेहतरीन योगदान के लिए अमर परवानी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चैम्बर; जितेंद्र दोषी, अध्यक्ष, कैट, अश्विन गर्ग, अध्यक्ष, उरला इंडस्ट्री एसोसिएशन, संदीप गोयल, अध्यक्ष, सीआईआई, महेश शर्मा, अध्यक्ष, जीएसटी बार एसोसिएशन, रवि ग्वालानी, अध्यक्ष, सीए एसोसिएशन को सम्मानित किया।

# छत्तीसगढ़ को सजाने-संवारने में हम सबकी भागीदारी होः मुख्यमंत्री बघेल

### एमिनेंस अवार्ड सम्मान समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित "36 गढ़ एमिनेंस अवार्ड सम्मान समारोह 2022-23" में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कला जगत तथा सामाजिक सेवा आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्ति तथा संगठनो को अवार्ड देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध राज्य के रूप में पहचान देने के लिए हमारी सरकार द्वारा निरंतर कार्य हो रहे हैं। इसके लिए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर से बेहतर उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश और प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ युवा शक्ति से भरपूर है। इनमें असीम ऊर्जा निहित है। इनका सही ढंग से इस्तेमाल के जरिए




छत्तीसगढ़ को सजाने-संवारने में हम सबकी महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर नगर पालिक निगम रायपुर एजाज ढेबर ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकास की दिशा में एक नई पहचान मिली है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पदमश्री भारती बन्धु तथा डॉ. संदीप दवे, अशोक काकड़िया, गौरव शुक्ला, आनंद सिंघानिया, अनिल देशलहरा, सुनील जैन, डॉ. युसूफ, यश टुटेजा, आनंद महलवार, राजेश अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह राजपूत, अंकित अग्रवाल, डॉ. अभिमन्यु साहू, शिव अग्रवाल, डॉ. राज मनहरे, हरिराम पटेल, विजय यादव, अनुज गोयल, आनंद त्रिपाठी, बी.एल. अग्रवाल आदि को सम्मानित किया गया।

# ताईक्वांडो खेल में प्रदेश के 9 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खिलाड़ियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**रायपुर।** ताईक्वांडो खेल में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य सहित पूरे देश में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर रहे हैं। गौरतलब है कि जशपुर के ताईक्वाडो स्टेडियम में 26 जून से 29 जून 2023 तक 19वीं राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में जशपुर जिला के ताईक्वांडो खेल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 12 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा का उच्च प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कांस्य पदक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। इसी तरह जिले को ताईक्वांडो पोमसे में पूरे छत्तीसगढ़ में रनरअप प्राप्त करने में भी सफलता मिली है। इन खिलाड़ियों में एकलव्य खेल अकादमी जशपुर ताईक्वांडो के तीन खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। विजेता खिलाड़ी जूनियर




स्तर का प्रतियोगिता हेतु 4 जुलाई को बैंगलोर और कैडेट वर्ग के लिए चयनित खिलाड़ी 25 जुलाई 2023 को लखनऊ के लिए रवाना होगें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ताईक्वांडों खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल जितने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

जशपुर जिले के कलेक्टर ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के 5 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किया है, इनमें रूद्र प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक के साथ रजत पदक, युवराज कुमार ने स्वर्ण पदक, सुश्री सृष्टि एक्का ने रजत पदक और आयुष यादव एवं अश्विन कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। इसी प्रकार जशपुरांचल इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रतीक बड़ा ने स्वर्ण पदक, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल व एकलव्य खेल अकादमी जशपुर के 3 खिलाड़ी अजय चौहान ने दो स्वर्ण पदक, अर्जुन राम ने 1 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक एवं करण राम ने 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

कलेक्टर जशपुर ने बताया कि जिले के इन खिलाड़ियों को नियमित निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। अब चयनित खिलाड़ी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे। खिलाड़ी जूनियर स्तर की प्रतियोगिता हेतु 4 जुलाई 2023 को बैंगलोर के लिए रवाना होंगे। इसी प्रकार कैडेट वर्ग के लिए चयनित खिलाड़ी 25 जुलाई 2023 को लखनऊ के लिए रवाना होगें। उन्होंने बताया कि हाल ही में जशपुर जिले से 18 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ था। जल्द ही सीनियर एवं सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों का भी जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए जशपुर जिले के खिलाड़ी नियमित रूप से प्रशिक्षण लेकर तैयारी कर रहे हैं।

# यूनिसेफ, जनसंपर्क विभाग और अलायन्स फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वाधान में विश्व सोशल मीडिया दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए व्यवहार परिवर्तन पर प्रशिक्षण की आवश्यकता

### सोशल मीडिया के विभिन्न पहलुओं पर पैनल डिस्कशन

### सोशल मीडिया की मदद से बदलाव लाने वाले उत्कृष्ट परफॉर्मर्स का हुआ सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग, यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वावधान के संयुक्त तत्वाधान में 30 जून को 'विश्व सोशल मीडिया दिवस' के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर, समाज सकारात्मक बदलाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले सोशल चेंज मेकर्स, समाज सेवी, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि,वोलेंटियर और विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी शामिल हुए, जिन्होंने समुदायों के भीतर व्यवहार परिवर्तन को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया टूल का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है।

जनसंपर्क विभाग के संचालक सौमिल रंजन चौबे ने सोशल मीडिया फॉर गुड गवर्नेंस विषय पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा राज्य शासन की महत्त्वपूर्ण योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जनसंपर्क विभाग द्वारा सोशल मीडिया का बेहतर इस्तेमाल किया जा रहा है। अपनी नैतिक जिम्मेदारी के तौर पर विभाग की यह कोशिश रहती है कि गलत सूचनाओं के बारे में जनता को सचेत करते रहें। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ रहा है ऐसे में हमें यह भी तय करना है कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी क्या है? उन्होंने बताया कि




सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य शासन को आम जनता की समस्या का त्वरित समाधान करने में काफी मदद मिली है। आज कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तक अपनी बात पहुंचा सकता है।

'सोशल मीडिया 4 सोशल गुड' थीम पर हुए आयोजन में यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के प्रमुख जॉब जकारिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि सकारात्मक बदलाव के उत्प्रेरक के रूप में सोशल मीडिया की क्षमता को पहचान कर उसका उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में 2016 में फोर्ब्स एशिया 30 अंडर 30 के रूप में सूचीबद्ध प्रसिद्ध डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफर विक्की रॉय ने 'फोटोग्राफी ए मिरर टू द सोसायटी' विषय पर बात की। उन्होंने बताया कि फोटोग्राफी और सोशल मीडिया के बेहतर उपयोग से समाज के जरूरत मंद लोगों तक कैसे मदद पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने अपनी कला के बेहतर प्रचार प्रसार हेतु सोशल मिडिया के प्रभाव पर भी चर्चा की।

कार्यशाला में दो पैनल डिस्कशन हुए। पहले पैनल डिस्कशन में 'सोशल मीडिया के इस्तेमाल से व्यवहार परिवर्तन' विषय पर चर्चा किया गया, इसमें कलाकार प्रमोद साहू, 'बंच ऑफ फूल्सश्के सतीश भुवालका, रेडियो जॉकी की ऋचा गोस्वामी और अन एक्सप्लोर्ड बस्तर के जीत सिंह आर्या ने प्रभावी तरीके से अपनी बात रखी। दूसरे पैनल डिस्कशन में सामाजिक समस्या और उसके समाधान के लिए सोशल मीडिया के श्रृंखलाबद्ध इस्तेमाल पर चर्चा हुई, इसमें बतौर पैनलिस्ट इंटरनेशनल मॉडल की वीना सेंद्रे, ह्यूमन ऑफ छत्तीसगढ़ के आकाश गुप्ता और फूड ब्लॉगर मयंक कर्रा ने उक्त विषयों पर अपने अनुभव साझा किया। यूनिसेफ एस बी सी स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने प्रतिभागियों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन पर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर पूरे प्रदेश से आए सोशल मीडिया के बेस्ट परफॉर्मर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन ,छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पर माल्यार्पण और राज्य गीत के साथ किया गया।

कार्यक्रम में एस बी सी कंसल्टेंट नियति राज चंदन कुमार, छत्तीसगढ़ संवाद से महाप्रबंधक विनायक शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक परिवर्तन के वाहक युवा स्वयं सेवकों ने शिरकत की।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# घटाना है वजन या कंट्रोल करनी है डायबिटीज, रोजाना पिएं ये ग्रीन जूस

ज्यादा वजन, मोटापा अपने साथ कई तरह की बीमारियां लेकर आता है। इससे डायबिटीज, कैंसर, थाइरोइड और ब्लड प्रेशर जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा भी रहता है। इसमें डायबिटीज साइलेंट किलर को तौर पर काम करती है। यह शरीर को धीरे-धीरे अंदर से खोखला बना देती है। इसलिए ब्लड शुगर लेवल और मोटापा दोनों का कंट्रोल करना जरूरी होता है। मोटापा कम करने के लिए कई डाइट प्लान और एक्सरसाइज हैं और डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए कई तरह की दवाईयां आती हैं। हालांकि, दोनों ही कंडीशन में खानपान ज्यादा जरूरी होता है। इसमें ग्रीन जूस आपकी काफी हेल्प कर सकता है।

### ग्रीन जूस से कम होगा मोटापा और डायबिटीज का खतरा

न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, ग्रीन जूस की मदद से वजन कम कर सकते हैं और ब्लड प्रेशर कंट्रोल। हरी सब्जियों से बना ग्रीन जूस प्यास को कम करने में मदद करते हैं। सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। सुबह-सुबह पीना और भी ज्यादा फायदे वाला होता है।

### ग्रीन जूस इतना हेल्दी क्यों

हरी पत्तेदार सब्जियों से बनने के कारण ग्रीन जूस फायदेमंद होता है। यह एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन और मिनरल का खजाना होता है। इसे पीने से इम्यून सिस्टम मजबूत हो जाता है और शरीर को गंभीर बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। ग्रीन जूस में पाए जाने वाले एंजाइम्स पाचन के लिए बेहतर होते हैं।

### ग्रीन जूस के फायदे

- ग्रीन जूस से शरीर को पोषण मिलता है। यह वजन कम करने में मदद करता है और डायबिटीज कंट्रोल कर सकता है।
- ग्रीन जूस पीने से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल होता है। एंटीऑक्सीडेंट पाए जाने के चलते इम्यून सिस्टम बेहतर बनता है और कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल में रहता है।


### ग्रीन जूस बनाने की सामग्री

- 1 हरा सेब
- पालक की पत्तियां
- अजमोद के पत्ते
- अदरक का टुकड़ा
- ग्रीन जूस बनाने का तरीका
- सभी चीजों को मिलाकर ब्लेंड करें और जूस बना लें।
- इसे टेस्टी बनाने के लिए नींबू का रस मिलाएं।
- इसे गाढ़ा बनाने के लिए इसमें पानी मिलाएं।



# आम खाना करते हैं पसंद तो एक दिन में कितना खा सकते हैं?

रसीले और ताजे आम खाना शायद ही किसी को पसंद नहीं होगा। कुछ लोग इतने ज्यादा आम के शौकीन होते हैं कि वह खाना की जगह आम खाकर ही पेट भर लेते हैं। भारत में आम के ऐसे-ऐसे शौकीन आपको मिल जाएंगे जो एक दिन में एक बाल्टी आम खा जाते हैं। भारत के नॉर्थ के इंडिया के गांव में ऐसा होता है कि लोग अपने आंगन में चारपाई लगाकर और बाल्टी भर-भर के आम खाते हैं। कभी भी लीमिट से ज्यादा कोई भी चीज खाना सेहत के लिए नुकसानदायक है। इसलिए ज्यादा आम खाना सही नहीं है। आम के साथ भी यही दिक्कत है। आप ज्यादा आम खाते हैं तो उससे आपको कब्ज, एसिडिटी जैसी दिक्कतें होने लगती है। आइए जानते है कि एक दिन में कितने आम खाने चाहिए। आइए इस सवाल का जवाब देंगे आज।



### एक दिन में कितना आम खा सकते हैं?

1 बड़े आम में 200 कैलोरीज होती है। 100 ग्राम आम के 1 कप में करीब 90 कैलोरीज मिलेंगी। एक आम में 50 से 60 प्रतिशत विटामिन-सी मिलेगा। विटामिन सी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आम फाइटोन्यूट्रिएंट्स और विटामिन्स से भरपूर होती है। इसकी वजह से गट और पेट की बैक्टीरिया को बढ़ावा मिलता है। गट हेल्थ के लिए सिर्फ आम खाना काफी नहीं है। अगर आप पूरे दिन में 3-5 से आम खा लेंगे तो आपके पेट की गट हेल्थ खराब हो सकती है।

### आम खाते समय इन बातों का जरूर रखें ध्यान

आम हमारे मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है इसलिए इसे खाएं लेकिन सोच समझकर खाएं। इसमें आम में प्रोटीन, कार्ब्स, फाइबर, विटामिन-सी, विटामिन-ए, विटामिन-ई, विटामिन-के, पोटेशियम, थायमिन, कॉपर, फोलेट, विटामिन-बी6, राइबोफ्लेविन और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।

आम में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। जिसमें विटामिंस ए, बी-6, बी-12, सी, ई, विटामिन के, विटामिन डी, जिंक, फॉस्फोरस, पोटैशियम, फाइबर, नियासिन, थियामिन, कैलोरी, कार्बोहाइड्रेट्स, फैट, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, शुगर, प्रोटीन, ऊर्जा, फोलेट, कॉपर होते हैं।

# मेकअप के दौरान की गई ये 5 गलतियां बिगाड़ सकती हैं खूबसूरती, इन बातों का रखें खास ख्याल

चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए कई बातों का ध्यान रखना पड़ता है। दमकती और निखरी त्वचा के लिए घरेलू नुस्खों से लेकर महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट तक का इस्तेमाल करते हैं। बात कहीं जाने की हो या किसी पार्टी का हिस्सा बनने की, मेकअप करना जरूरी हो जाता है। मेकअप त्वचा खूबसूरत बनती है और कॉन्फिडेंस झलकता है। हालांकि, अगर ठीक तरह से मेकअप न किया जाए तो स्किन से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। दरअसल, मेकअप में इस्तेमाल किए जाने वाले हानिकारक केमिकल्स स्किन पर साइड इफेक्ट्स छोड़ सकते हैं। इसलिए मेकअप के दौरान 5 गलतियां कभी भी नहीं करनी चाहिए।



### गंदा मेकअप ब्रश यूज करना

मेकअप के बाद अगर मेकअप ब्रश और स्पॉन्ज को सही तरह से साफ न किया जाए तो स्किन से जुड़ी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। लंबे समय तक इनमें प्रोडक्ट लगे रहने से कीटाणु पनपने लगते हैं, जो स्किन सेल्स तक पहुंचते हैं और इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं। इसलिए जब-जब मेकअप ब्रश और स्पॉन्ज का इस्तेमाल करें, उन्हें वॉश जरूर करें।

### स्किन मॉइस्चराइज न करना

मेकअप से पहले त्वचा को मॉइस्चराइज करना चाहिए। इससे मेकअप काफी समय तक चेहरे पर बना रहता है। मॉइस्चराइज करने से त्वचा पर एक लेयर बन जाती है, जिससे मेकअप प्रोडक्ट त्वचा को नुकसान नहीं करता है। लेकिन अगर मेकअप से पहले त्वचा को मॉइस्चराइज न किया जाए तो इससे कई तरह की स्किन समस्याएं हो सकती हैं।

### मेकअप रिमूव न करना

कई बार मेकअप हटाने के लिए सीधे फेश वॉश करना गलत होता है। इससे मेकअप प्रोडक्ट स्किन पर लगा रहता है और नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए मेकअप को सही तरह से रिमाव करना चाहिए। इसके लिए रिमूवर का इस्तेमाल करना चाहिए। किसी ऑयली मॉइस्चराइज को लगाकर भी मेकअप को हटा सकते हैं। इसके बाद ही फेश वॉश करें, जिसससे त्वचा की गहराई तक मेकअप साफ हो जाए।

### हैवी फाउंडेशन का इस्तेमाल

आजकल कई वर्कप्लेस पर मेकअप की जरूरत पड़ती है। ऐसे में अगर आप रोजाना हैवी फाउंडेशन का यूज करती हैं तो इससे स्किन प्रॉब्लम्स हो सकती हैं और कई तरह के साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं।


### सोने से पहले मेकअप न हटाना

रात में स्किन को हील होने का वक्त मिलता है। इस दौरान त्वचा किसी भी चीज को गहराई से सोख लेती है। अगर आपके चेहरे पर मेकअप लगा है तो इससे स्किन एलर्जी, त्वचा का बेजान हो जाना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए सोने से पहले मेकअप रिमूव करना कभी न भूलें।

# कोल्ड ड्रिंक और च्युइंग गम से हो सकता है कैंसर!

अगर आप भी डाइट कोक, आइसक्रीम और च्युइंग गम के आदी हैं तो अब वक्त आ गया है इन चीजों से दूरी बना ली जाए। क्योंकि एक रिसर्च में इनको लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया गया है। रिसर्च में दावा किया गया है कि इन चीजों का सेवन करने से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी का जोखिम पैदा हो सकता है। दरअसल तमाम सॉफ्ट ड्रिंक्स और च्युइंग गम में मिठास के लिए आर्टिफिशियल स्वीटनर एस्पार्टेम को मिलाया जाता है। एस्पार्टेम ही वह चीज है, जो शरीर में कैंसर को जन्म देने का कारण बन सकती है।

रिसर्च के मुताबिक, एस्पार्टेम एक कार्सिनोजेनिक है, जिसका मतलब है कि ये बॉडी में कैंसर सेल्स को ट्रिगर करने का काम कर सकता है। अगर आप किसी भी ऐसी चीज का सेवन कर रहे हैं, जिसमें एस्पार्टेम मौजूद है तो इसका



साफ-सीधा मतलब यह है कि आप खुद कैंसर जैसी घातक बीमारी को निमंत्रण दे रहे हैं। डाइट कोक, डाइट सोडा और च्युइंग गम में एस्पार्टेम का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। एस्पार्टेम एक तरह का आर्टिफिशियल स्वीटनर है, जिसका इस्तेमाल मिठास लाने के लिए किया जाता है।

इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर का कहना है कि इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप कितनी मात्रा में एस्पार्टेम से भरपूर चीजों का सेवन कर रहे हैं। अगर आप थोड़ी मात्रा में भी इस आर्टिफिशियल स्वीटनर का सेवन कर रहे हैं तो मतलब अपनी जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं। एस्पार्टेम सेहत के लिए कितना खतरनाक है, इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि दानेदार चीनी की तुलना में एस्पार्टेम में 200 गुना मिठास ज्यादा होती है।

बता दें कि पिछले साल फ्रांस में एस्पार्टेम के प्रभावों को लेकर एक लाख से अधिक लोगों पर एक रिसर्च की गई थी। इस रिसर्च में सामने आया था कि जो लोग आर्टिफिशियल स्वीटनर का इस्तेमाल करते हैं, उनमें कैंसर का रिस्क ज्यादा रहता है।

# साड़ी का पल्लू गिराकर नम्रता मल्ला ने कराया हुस्न का दीदार

भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला सोशल मीडिया पर अपने हुस्न का दीदार करवा के लोगों के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। उनकी बोल्डनेस और हॉटनेस हमेशा इंटरनेट पर कहर बरपाए रहती हैं। फैंस उनकी हर एक किलर तस्वीरों के लिए बेताब रहते हैं। हाल ही में नम्रता मल्ला ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उन्होंने साड़ी का पल्लू गिरा कर एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने हाल ही में अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरों से इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी हॉटनेस के कायल हो गए हैं। नम्रता मल्ला ने साड़ी का पल्लू गिराकर बेहद ही सिजलिंग पोज दिए, जो फैंस की धड़कनें बढ़ा रहे हैं। साथ ही छोटा सा डीपनेक ब्लाउज पहनकर एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने कैमरे के सामने क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है। अपनी ग्लैमरस अदाओं से सबका दिल मचलने वाली एक्ट्रेस नम्रता मल्ला के हर एक लुक के लिए फैंस बेताब रहते हैं। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। नम्रता मल्ला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टा पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी लंबी है।



# फैमिली के साथ बोल्ड सीन नहीं देख पातीं तमन्ना भाटिया

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा की 'लस्ट स्टोरीज 2' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस सीरीज में विजय और तमन्ना के बोल्ड सीन्स को लेकर काफी चर्चा थी। जिसमें एक्ट्रेस ने पहली बार स्क्रीन पर किसिंग सीन किए। ऐसे में तमन्ना ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि फैमिली के साथ सेक्स सीन देखने पर उनका कैसा रिएक्शन होता है। हाल ही में दिए इंटरव्यू में तमन्ना भाटिया ने बताया कि, लस्ट स्टोरीज 2 में 18 साल बाद किसिंग पॉलिसी तोड़ने में लिए एक बड़ी चुनौती थी।



मैं भी उसी ऑडियंस का हिस्सा थी, जो फैमिली के साथ ऐसे सीन्स को देखकर असहज महसूस करते हैं। मैं भी परिवार संग ऐसे सीन देखने के दौरान इधर-उधर देखना शुरू कर देती हूं। यही वजह रही कि मैंने अपने करियर में कभी इंटीमेट सीन्स नहीं किए। तमन्ना भाटिया ने आगे कहा कि, मेरे लिए ये जर्नी आसान नहीं थी। एक ऐसी एक्ट्रेस जिसके लिए ये सब करना काफी मुश्किल था।

अब मैं खुद को एक्सप्लोर कर रही हूं और अलग-अलग तरह के किरदारों की तलाक में हूं। बता दें कि हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान तमन्ना भाटिया ने कहा था कि लस्ट स्टोरीज 2 में उन्होंने अपना 18 पुराना किसिंग रूल तोड़ा है। इस सीरीज में एक्ट्रेस ने अपने बॉयफ्रेंड विजय वर्मा के साथ कुछ बोल्ड सीन्स किए हैं।

29 जून को लस्ट स्टोरीज 2 ओटीटी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। सीरीज में 4 अलग-अलग कहानियां हैं। वहीं किरदारों की बात करें तो विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया के अलावा काजोल, कुमुद मिश्रा, मृणाल ठाकुर, नीना गुप्ता समेत कई बड़े एक्टर्स लीड रोल में नजर आए। फिलहाल इस सीरीज को फैंस की तरफ से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# बॉडीकॉन ड्रेस पहन रकुल प्रीत सिंह ने गिराईं हुस्न की बिजलियां, टोन्ड फिगर दिखाकर लूटी लाइमलाइट

रकुल प्रित सिंह ने हाल ही में ब्लू कलर की बॉडी फिटेड ड्रेस में ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें उनका लुक भी फैंस को काफी लुभा रहा है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा चर्चाओं का विषय बन जाती हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसी ही खूबसूरती देखने को मिल रही है। बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपने फैशन सेंस के कारण फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस हमेशा अपने किलर अवतार से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस भरी अदाएं देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। रकुल प्रीत सिंह ने अपनी इन फोटोज में ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो ब्यूटिफुल नजर आ रही हैं। अभिनेत्री अपनी इन तस्वीरों में कातिलाना नजरों से फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन फैंस के साथ अपनी वीडियो और फोटोज शेयर करती हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।




दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बैन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### पुलिस विभाग ने सेवानिवृत्त हुए 11 अधिकारी-कर्मचारियों को दी विदाई

**रायपुर,।** पुलिस विभाग में लंबी सेवा के बाद दिनांक 30.06.23 को सेवानिवृत्त हुए 02 निरीक्षक, 03 उपनिरीक्षक, 03 सहायक उपनिरीक्षक, 02 प्रधान आरक्षक एवं 01 आरक्षक कुल 11 अधिकारी/कर्मचारी को विदाई दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की सेवा की सराहना करते हुए उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दिये। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक लाईन चन्द्र प्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में निरीक्षक सुरेश कुमार क्षत्री, रणजीत सिंह, उपनिरीक्षक इन्द्रकुमार शर्मा, गोमती प्रसाद पाठक, प्रतिमा वास्तव, सहायक उपनिरीक्षक लखन सिंह राजपूत, मुखीराम वर्मा, पैश्वनी शुक्ला, प्र.आर. विमल निषाद, राधेश्याम तिवारी एवं आरक्षक लोकनाथ सतपथी शामिल हैं। निरीक्षक सुरेश कुमार क्षत्री वर्ष 1987 में पुलिस विभाग में जिला रायपुर में सउनि लिपिक के पद पर भर्ती होकर पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, बिलाईगढ़, डी.आई.जी नक्सल ऑपरेशन, डी.जी.पी. मुख्यालय, 8वी बटा0 राजनांदगांव, पुलिस मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक नक्सल ऑपरेशन, पुलिस हाउसिंग बोर्ड पुनः पुलिस मुख्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपनी सेवाएं दी। पुलिस विभाग में 36 वर्षों की सेवा पश्चात आज दिनांक 30.06.23 को सेवानिवृत्ति हुए। निरीक्षक रणजीत सिंह वर्ष 1981 में पुलिस विभाग में जिला रायपुर में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर कार्यालय जिला विशेष शाखा में अपनी सेवाएं दी। पुलिस विभाग में 42 वर्षों की सेवा पश्चात आज दिनांक 30.06.23 को सेवानिवृत्ति हुए।

### शिविर लगाकर श्रमिकों का किया जा रहा पंजीयन नवीनीकरण

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जनपद पंचायत और नगरीय निकायों में पंजीयन शिविर लगाकर नवीन श्रम कार्ड बनाये जा रहे हैं। जनपद पंचायत भरतपुर में आयोजित शिविर में श्रम अधिकारी द्वारा शिविर में बताया गया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत महिला श्रमिक को प्रथम 2 प्रसव पर मिनीमाता महतारी जतन योजना, पंजीकृत श्रमिकों के प्रथम 2 बच्चों को नौनिहाल छात्रवृति, मेधावी छात्र, छात्रों हेतु मेधावी छात्र, छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक आवास योजना, पंजीकृत श्रमिक के प्रथम दो पुत्रियों को मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, 59 से 60 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को मुख्यमंत्री श्रमिक सियान योजना, पंजीकृत श्रमिक के मृत्यु पर मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना जैसे जन्म से मरण तक की विभिन्न महत्कांक्षी योजनाएं संचालित किया जाता है। इन योजनाओं का लाभ लेने श्रमिकों को अपना पंजीयन एवं जिनका पंजीयन नवीनीकरण की वैधता समाप्त हो चुकी है उन्हें अपना पंजीयन नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। श्रमिक अपना पंजीयन, पंजीयन नवीनीकरण एवं संचालित योजनाओं हेतु आवेदन जिला श्रम कार्यालय, नजदीकी च्वाइस सेंटर या मोबाइल एप श्रमेव जयते से कर सकते हैं। श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जून से 30 जून तक जनपद पंचायत भरतपुर के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मण्डल के अन्तर्गत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहरी योजनाओं का किया विस्तार

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा विभिन्न शहरी योजनाओं का विस्तार किया। उन्होंने नगरीय निकायों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का शिलान्यास किया। साथ ही नगर पालिका क्षेत्रों में मितान योजना का विस्तार और सभी नगरीय निकायों में शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया। कार्यक्रम के तहत गरियाबंद में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का शिलान्यास किया गया। इसके माध्यम से नागरिकों को लघु एवं स्थानीय उद्योग से जोड़कर नगरीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का अवसर मिलेगा। इसका उद्देश्य शहरी गरीब परिवारों को रोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन विकसित करना है। कार्यक्रम में नगर पालिका क्षेत्र गरियाबंद में मितान योजना का शुभारंभ हुआ। इसके अंतर्गत नगरवासी घर बैठे 25 प्रकार की शासकीय सेवाओं को प्राप्त कर सकेंगे। इसमें नागरिकों को टोलफ्री नम्बर 14545 पर कॉल करने पर दस्तावेज, प्रमाण पत्र आदि की घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराई जायेगी। शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिका गरियाबंद के अलावा नगर पंचायत छुरा, राजिम एवं फिंगेश्वर में मोबाईल मेडिकल यूनिट की पहुंच बढ़ेगी। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, कलेक्टर आकाश छिकारा, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, सीएमओ टामसन रात्रे, पार्षदगण, एल्डरमेन एवं नगरवासी मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज हरेली त्योहार से

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू किए गए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आगाज हरेली त्योहार के दिन 17 जुलाई से होगा। लगभग दो माह 10 दिन तक चलने वाले यह खेल प्रतियोगिता 6 चरणों में आयोजित होगी।**

इस खेल प्रतियोगिता में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन का दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को सौंपा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा।

**दो श्रेणियों में 16 प्रकार के खेलों को किया गया है शामिल**

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक नॉकआउट पद्धति से होगा। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा। इसका आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक होगा। विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा। संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका की आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर पर विजेता प्रतिभागियों से लेकर राज्य स्तर के विजेता प्रतिभागियों को प्रभाणपत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर प्रथम आने वाल विजेता खिलाड़ियों को 1000 रूपए, द्वितीय स्थान आने पर 750 रूपए एवं तीसरा स्थान आने पर 500 रूपए की पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह जिला स्तर पर प्रथम आने वाल विजेता प्रतिभागियों को 2000 रूपए की राशि, द्वितीय आने पर 1500 रूपए और तीसरे स्थान आने पर 1000 रूपए की राशि सहित प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। संभाग स्तर पर विजेता प्रतियोगियों को प्रथम आने पर 3000 रूपए, द्वितीय आने पर 2500 रूपए एवं तीसरे स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को 2000 रूपए एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर ओलंपिक के अंतिम आयोजन में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 5000 रूपए, द्वितीय आने पर 4500 रूपए एवं तीसरे स्थान आने वाले खिलाड़ियों को 4000 रूपए की राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक आयोजन स्तर पर फर्स्ट एड किट की व्यवस्था एवं स्थानीय स्तर पर यथासंभव आपातकालीन चिकित्सा सुविधा की उपलब्धता आयोजन समिति द्वारा की जाएगी। आयोजन स्थल पर एंबुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी जिम्मेदारी आयोजन समिति पर होगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा जारी निर्देशानुसार महिला खिलाड़ियों के लिए रेफरी एवं निर्णायक महिलाएं ही रखी जाएंगी।

## शिल्प के माध्यम से लोगों को रोजगार से जोड़ने का प्रयासः चन्दन कश्यप




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री चंदन कश्यप ने 01 जुलाई शनिवार को बस्तर जिले के ग्राम करन्दोला भानपुरी में शीशल शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 हितग्राहियों को विभिन्न तरह की कलात्मक सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर श्री कश्यप ने हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार के कुशल मार्गदर्शन में शिल्पियों के हुनर को निखारने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। शिल्प प्रशिक्षण देकर लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है, ताकि लोग बेहतर जीवनयापन योग्य बन सकें।

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के महाप्रबंधक श्री एस. एल. धुर्वे ने बताया कि 3 माह तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में हितग्राहियों को शीशल शिल्प में प्रशिक्षित कर सीधे रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा राज्य शासन द्वारा स्वीकृत योजनाओं के तहत ग्राम करन्दोला भानपुरी और ग्राम सोनारपाल के 20-20 हितग्राहियों को शीशल शिल्पकला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक हितग्राही को प्रतिमाह 1500 रूपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा प्रत्येक हितग्राही को कच्चा माल निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत करन्दोला भानपुरी सरपंच संतोष बघेल, सरपंच ग्राम पंचायत तारागांव सोमारू राम बघेल और सरपंच ग्राम पंचायत सोनारपाल श्रीमती श्यामकुमारी ध्रुव, श्री नीलमणि मरावी सहित बोर्ड के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खेल मंत्री उमेश पटेल ने कबड्डी खिलाड़ियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने आज बिलासपुर जिले में स्थित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स तथा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने इस मौके पर कबड्डी अकादमी में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया और कबड्डी अकादमी के राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मोमेण्टो प्रदान कर सम्मानित किया। मंत्री पटेल ने इस दौरान स्वर्गीय बी.आर. यादव के स्मृति दिवस पर राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में फलदार एवं छायादार वृक्षारोपण कर आम लोगों को भी वृक्षारोपण करने की अपील की।

खेल मंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार खेल को बढ़ावा देने निरंतर प्रयास कर रही हैं। राज्य के खिलाड़ियों को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण के साथ-साथ आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा खेल को बढ़ावा देने के लिए 27 खेलो इंडिया सेंटर प्रांरभ किया गया है। इसके माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों में विद्यमान नैसर्गिक प्रतिभा को तराशा जा रहा है।

## अन्तर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान की उप महानिदेशक ने छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन को सराहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में लघु धान्य फसलों (कोदो-कुटकी, रागी) के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए संचालित छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की सराहना अन्तर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान मनीला की उप महानिदेशक (फसल) तथा प्रख्यात कृषि एवं पोषण विशेषज्ञ सुश्री जोआना केन पोटाका ने की है।**

सुश्री पोटाका ने छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन के तहत लघु धान्य फसलों के बीज उत्पादन कार्यक्रम तथा किसानों तक बीज वितरण प्रणाली, कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता के द्वारा मिलेट प्रोसेसिंग केन्द्रों की स्थापना, राज्य सरकार द्वारा किसानों से कोदो, कुटकी, रागी आदि लघु धान्य फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में पौष्टिकता के मद्देनजर लघु धान्य फसलों का समावेश तथा महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से विभिन्न जिलों में मिलेट कैफे की स्थापना एवं संचालन की तारीफ की है। सुश्री पोटाका ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के साथ साउथ अफ्रीकन देश घाना में विगत दिनों आयोजित ''अन्तर्राष्ट्रीय हाई इम्पैक्ट राईस ब्रीडिंग कार्यशाला'' के दौरान हुई मुलाकात का फोटो शेयर करते हुए इस बारे में ट्वीट किया है। गौरतलब है कि सुश्री पोटाका स्मार्ट फूड कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक भी हैं।




उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विगत दिनों घाना के कुमासी शहर में आयोजित ''धान प्रजनन कार्यक्रम के आधुनिकीकरण'' पर आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञ के रूप में सम्मिलित हुए थे। डॉ. चंदेल ने वहां छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में संचालित छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन के तहत लघु धान्य फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु किये जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी थी।

डॉ. चंदेल ने मिलेट मिशन के तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में लघु धान्य फसलों पर किये जा रहे अनुसंधान कार्य तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से स्थापित मिलेट प्रोसेसिंग सेन्टर तथा मिलेट कैफे के बारे में भी जानकारी दी थी। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला में विभिन्न देशों से आए कृषि वैज्ञानिकों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में धान प्रजनन कार्यक्रम के आधुनिकीकरण की दिशा में किये जा रहे अनुसंधान कार्यों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में शामिल धान प्रजनन के क्षेत्र में शोध कर रही एक शोधार्थी ने डॉ. चंदेल से संपर्क कर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में धान प्रजनन में शोध करने में रूचि व्यक्त की।

# भिलाई इस्पात विकास विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव दिवस मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** दिनांक 1 जुलाई 2023 को भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर-6 में शाला प्रवेशोत्सव दिवस महाप्रबंधक (सीएसआर) शिवराजन के मुख्य आतिथ्य और वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुनील कामड़े एवं सहायक प्रबंधक (शिक्षा) अशोक सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर शाला प्रमुख डॉ रेखा दिनेश पाण्डेय द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इसके उपरान्त विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवम् विशिष्ट अतिथियों ने पाठ्य पुस्तक एवम् लेखन सामग्री का वितरण किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाप्रबंधक शिवराजन ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को पुस्तकों के महत्व के बारे में बताया और कहा कि पुस्तक से अच्छा कोई मित्र नहीं होता अपने संस्मरण को याद करते हुए उन्होंने बताया की अगर किसी यात्रा पर जा रहे है तो जाते समय अपने साथ अधूरी पढ़ी पुस्तक अवश्य रखें। यह पुस्तकें जहाँ एक ओर आपके ज्ञान को बढ़ायेंगी, साथ ही साथ आपको मनोरजन भी प्रदान करेंगी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) श्री सुनील कामड़े ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को पुस्तकों के महत्व के साथ ही मोबाइल के दुष्परिणाम से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि मोबाइल ज्ञान और सीखने की प्रक्रिया को सीमित कर देता है।

इसके विपरीत पुस्तकों से ग्रहित ज्ञान प्रभावी एवम् स्थायी होता है। उन्होंने लिख कर याद करने की प्रक्रिया को प्रभावी बताया। सहायक प्रबंधक (शिक्षा) अशोक सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को सीखने के महत्व को बताते हुए कहा कि सीखना एक सतत् जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है। हमें सदैव कुछ न कुछ नया सीखते रहना चाहिए। सतत सीखना हमारे ज्ञान के विकास के लिए अत्यन्त ही प्रभावी एवम् उपयोगी है। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में श्री निराकार गौड़, श्रीमती खामेश्वरी गंजीर सहित समस्त शाला परिवार की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर श्री राजेश कुमार गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

### रायगढ़ में रोजगार मेला, भरे जायेंगे 400 पद

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोडने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। युवाओं में कौशल विकास तथा रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है। ताकि प्लेसमेंट एवं रोजगार मेला के माध्यम से स्थानीय युवाओं को यहां के उद्योगों में अधिक से अधिक रोजगार मिले। बीते अप्रैल से अभी तक 1100 युवाओं को ऑफर मिल चुके है। इसी कड़ी में आगामी 3 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा 400 पदों पर भर्ती की जायेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी श्री रामजीत राम ने बताया कि निजी क्षेत्र की रिक्तियों में 3 जुलाई 2023 को प्रात:10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### 11 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (ए)।** 11 लाख की धोखाधड़ी करने वाले शातिर को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल एसपी यू. उदय किरण द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को धोखाधड़ी के अपराधों में संलिप्त लोगों एवं पूर्व के लंबित धोखाधड़ी के प्रकरणों में फरार आरोपियों की पता तलाश कर विवेचना पूर्ण करने के संबंध में दिये निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया के मार्गदर्शन पर निर्देश परिपालन में थाना प्रभारी कुसमुंडा द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों की टीम बनाकर थाना में दर्ज धोखाधड़ी के मामलों का निराकरण करने पतासाजी में लगाया गया था।

शातिर अपराधी दीपक दास महंत के द्वारा सोसायटी में नौकरी लगाने के नाम पर लोगों को झांसा देकर नेट से फार्म डाउन लोड कर उसमें लोगों का नाम दर्ज कर सहकारी सेवा समिति का सील चोरी छिपे निकालकर उक्त फार्मों में लगाकर फर्जी काल्पनिक हस्ताक्षर 5-8 लोगों से 3 लाख 67 हजार रुपए का घोखाधडी किया है तथा एक अन्य घटना में अपने परिचित के दोस्त से मिलकर उसके पिता को लोन दिलाने का झांसा देते हुए उससे उसका पासबुक, एटीएम कार्ड पैनकार्ड तथा लिंक मोबाईल तथा मोबाईल का पासवर्ड भी बड़े शातिराना तरीके से सबंधित से लेकर उसके साथ भी 11 लाख रुपए का धोखाधडी संबंधी बात सामने आई है। उस संबंधित व्यक्ति से संपर्क कर उस पर भी पृथक से कार्यवाही की जावेगी।



### करोड़ों की ठगी करने वाला ट्रस्ट का सीएमडी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** करोड़ो रुपए की ठगी करने वाले ओडिशा के सांई ट्रस्ट का सीएमडी दीपक कुमार बारड गिरफ्तार हुआ है। आरोपी और उसके साथियों ने ट्रस्ट द्वारा गरीब बच्चों और गर्भवती माताओं के लिए बेबी फूड, मदर फूड निःशुल्क वितरण करने का झांसा देकर कई लोगों को चूना लगाया है। आरोपियों ने ट्रस्ट में पैसा लगाने पर नौकरी का झांसा देकर लोगों को फंसाया और करीबन 1,35,00,000 रुपए की ठगी की। प्रकरण में संलिप्त ट्रस्ट के अन्य ट्रस्टी फरार हैं, जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने की कोशिश जारी है। आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 311/23 धारा 420, 120बी, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# ट्रेन की एसी बोगी में हंगामाः वॉशरूम गई थी युवती, पीछे से घुस गया वेंडर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस की एसी बोगी में शनिवार को जमकर हंगामा हुआ। दरअसल ट्रेन की एसी बोगी के वॉशरूम में यात्रा कर रही एक युवती फ्रेश होने के लिए भीतर गई। कुछ देर में ट्रेन का वेंडर भी वॉशरूम में घुस गया। फिर क्या था वेंडर की इस हरकत के बाद युवती ऐसी भड़की थी उसने पहले उसे दो थप्पड़ जड़ दिया और उसके बाद बोगी में दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद जीआरपी पुलिस ने दोनों को बैठाया और समझाइश के बाद दोनों को छोड़ दिया।



मिली जानकारी के अनुसार यह घटना उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस में उस समय हुआ जब ट्रेन उसलापुर रेलवे स्टेशन क्रास कर रायपुर की पहुंचने वाली थी। बताया जा रहा है कि ट्रेन की एसी बोगी में एक युवती यात्रा कर रही थी। इसी दौरान वो ट्रेन में वॉशरूम में गई। इस बीच ट्रेन का एक वेंडर भी वॉशरूम का का दरवाजा खोलकर अंदर घुस गया। इस पर युवती भड़क गई और वेंडर को जमकर दो थप्पड़ मारे। इस मामले की जानकारी टीटीई को दी गई।

### वेंडर के खिलाफ छेड़खानी की शिकायत

हंगामा बढ़ने के बाद युवती ने रेलवे के टोल फ्री नंबर पर वेंडर के खिलाफ छेड़खानी की शिकायत कर दी। रायपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर जीआरपी ने दोनों को नीचे उतारा। इस दौरान वेंडर का कहना था कि युवती जब वॉशरूम में गई तो अंदर से दरवाजा बंद नहीं किया था। वेंडर ने बताया कि उसे भी वॉशरूम जाना था तो उसने दरवाजा खोला और अंदर चला गया। वेंडर ने बताया कि उसे जरा भी अंदाजा नहीं था कि वॉशरूम में युवती है। वेंडर के बयान के बाद युवती ने भी माना कि जल्दबाजी में उसने दरवाजा लॉक नहीं किया था। इसके बाद जीआरपी ने दोनों को समझाइश देकर छोड़ दिया।

# अपहरण के बाद युवक से मारपीट, चंद घंटों में पुलिस ने किया बदमाश को गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** थाना भिलाई नगर क्षेत्र में एक युवक का अपहरण के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में युवक की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी अपहरणकर्ता को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ भिलाई नगर पुलिस द्वारा धारा 294,506,323,365 के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-7 निवासी गंगदेव प्रसाद भिलाई नगर थाने में लिखित शिकायत देते हुए बताया कि बेनी प्रसाद देशमुख नाम के व्यक्ति ने उसको सेक्टर 7 ओवरब्रिज के आगे इडली दुकान के पास से जबरन कार में बिठाया और सुनसान जगह पर लेजाकर उससे मारपीट की। आरोपी ने प्रार्थी से पैसों की भी मांग की और पुलिस के पास जाने पर जान से मारने की भी धमकी दी। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की पता तलाश की। अपराध दर्ज होने के कुछ ही देर में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त वाहन कार क्र. HR 26 CV 6484 एवं टेलीफोन वायर, सब्जी काटने का चाकू, सेलो टेप जब्त किया गया।

# कोरबा में तेज रफ्तार हाइवा से टकराई कार, तीन युवकों की दर्दनाक मौत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बीती रात बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार हाइवा से टकराने से कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई। यह हादसा दर्री कोरबा मार्ग में भवानी मंदिर के पास का बताया जा रहा है। देर रात हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों के शवों को मरच्यूरी में रखवाया। वहीं पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की दरमियानी रात लगभग 2 बजे यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार कार क्रमांक सीजी 11 बीएच 7788 सवार तीन युवक दर्री हसदेव बराज पर बने नए पुलिस से गुजर रहे थे। इस दौरान सामने से एक हाइवा भी तेज रफ्तार से आ रही थी। पुल पर मवेशी बैठे हुए थे और कार सवार मवेशियों को बचाते हुए हाइवा से भिड़ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

हादसे की सूचना आसपास के लोगों ने डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची 112 की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे तीनों युवकों को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतकों की पहचान यश गोयल (28) निवासी एसएस ग्रीन कोरबा, दीपक सिंह (22) निवासी राताखार व रुपेश गोयल (28) निवासी डीडीएम रोड कोरबा के रूप किया है। तीनों युवक यहां के व्यापारी परिवार के हैं और हादसे से इनके घरों में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने बताया कि रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंपा जाएगा।

# बाइक चोरी करने वाला गिरोह का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार



**मरवाही।** गौरेला पेंड्रा मरवाही में पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से 12 मोटरसाइकिल बरामद किए गए हैं। इन आरोपियों में एक आरोपी पहले भी चोरी के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है। जिले में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस सतर्क हो गई थी। शादी विवाह में ये गिरोह चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। सार्वजनिक स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की लगातार शिकायत आने के बाद पुलिस ने पूरे मामले की पड़ताल की। पड़ताल के दौरान मोटरसाइकिल गिरोह के कुछ सदस्य पकड़े गए।

पेंड्रा का संजू चौधरी पहले भी मोटरसाइकिल चोरी की घटना में पकड़ाया जा चुका है। पेंड्रा से संजू चौधरी, राजू उर्फ राजकुमार चौधरी और गौरेला थाना क्षेत्र से राकेश मार्को, सोनू सेन उर्फ लल्लू और सिकंदर मंसूरी को गिरफ्तार किया गया है। चोरों से पुलिस ने अलग-अलग इलाके से 12 मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। चोरों ने ये सभी बाइक भीड़भाड़ वाले इलाके से चोरी कर अपने ही रिश्तेदारों को बेचा था। फिलहाल पुलिस मामले में और भी चोरी हुए मोटरसाइकिलों के बारे में पता कर रही है।

# ऑनलाइन सट्टे में बड़ी कार्रवाई, 12 करोड़ सीज, 10 लाख कैश के साथ 4 गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** शहर में पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बेंगलुरू कनेक्शन का खुलासा किया है। साथ ही मोबाइल दुकान संचालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपी बैंक कर्मचारियों से मिलकर ट्रेडिंग के बहाने अकाउंट खुलवाते थे, जिसका उपयोग सट्टे के लिए लेनदेन में किया जाता था। ऐसे 24 अकाउंट की पहचान की गई है।

275 बैंक अकाउंट को होल्ड करा कर करीब 12 करोड़ 30 लाख रुपए को सीज कराया। 10 लाख रुपए कैश, 30 मोबाइल, 10 लैपटॉप और 10 एटीएम कार्ड बरामद किया गया है।

एसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तारबाहर थाने में ऑनलाइन सट्टे के केस में एफआईआर किया गया है, जिसमें करीब दर्जन भर स्टूडेंट से ट्रेडिंग के नाम पर फर्जी बैंक अकाउंट खोला गया और उसमें करीब 50 करोड़ से अधिक का लेनदेन किया गया।


मामले की जांच सिविल लाइन CSP और प्रशिक्षु IPS संदीप पटेल के नेतृत्व में की जा रही है। इन बैंक खातों का प्रयोग ऑनलाइन सट्टा खेलने के लिए रकम लेन देन में किया गया है।

फर्जी बैंक खाता खोलने के लिए सार्थक और क्षितिज ने स्कूल- कॉलेज में पढ़ने वाले अपने जान पहचान के स्टूडेंट्स को शेयर ट्रेंडिंग और कमीशन देने का लालच देकर फर्जी बैंक खाता खुलवाया था। बैंक में पैसों के ट्रांजेक्शन में इस्तेमाल होने वाले आईडी पासवर्ड, UPID, कार्ड उपलब्ध कराने का काम करते थे।

# डबरी में मिली युवती की लाश, कुत्ते खा गए आधा हाथ, हत्या की आशंका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदा बाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में रविवार की सुबह युवती की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। पलारी थाना क्षेत्र के तहत ग्राम कोडिया के मुक्तिधाम 26 वर्षीय युवती का शव मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में बताया जा रहा है कि युवती की हत्या की गई है। शव दो से तीन दिन पुराना होने की बात भी कही जा रही है। वहीं पुलिस मृतका की शिनाख्ती का प्रयास कर रही है।



पलारी पुलिस मिली जानकारी के मुताबिक युवती का शव गांव के मुक्तिधाम के पास छोटे से गड्ढे के पास पड़ा मिला है। शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। युवती ने काले रंग का जींस ओर काला टी शर्ट पहनी थी। पुलिस को शव के पास एक कपड़े का बैग भी मिला। यही नहीं मृतका के हाथ का आधा हिस्सा कुत्तों ने खा लिया। यहीं नहीं मौके से पुलिस को युवती को घसीटे जाने के निशान मिले हैं। रविवार सुबह खेतों में जा रहे लोगों में से एक डबरी की ओर गया। यहां बदबू आने पर वह पास जाकर देखा तो युवती का शव पड़ा हुआ था।

### शरीर पर चोट के निशान, सिर पर मारा गया पत्थर

शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी पहुंची। लड़की का शव औंधे मुंह जमीन पर पड़ा था। पुलिस के मुताबिक मृतक युवती की उम्र 25 से 28 के बीच की हो सकती है। मृतका के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। सिर पर किसी भारी चीज से मारने के निशान भी हैं। पुलिस मानना है कि युवती की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद तस्वीर और भी साफ हो जाएगी।

# महिला ने जहर खाकर किया सुसाइडः रात में घर के बाहर बैठकर पति से बातचीत की, फिर कुछ देर बाद खा लिया पॉइजन

**जगदलपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक महिला ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि, करीब सालभर पहले उसकी लव मैरिज हुई थी। पति के साथ रिश्ते भी अच्छे थे। उसकी मौत के बाद पुलिस पति और उसके परिजनों से पूछताछ कर रही है। मामला जिले के छिंदगढ़ थाना क्षेत्र का है।



सुकमा जिले छिंदगढ़ ब्लॉक के पुरीरास गांव के रहने वाले हेमंत सोढ़ी के साथ सरिता की लव मैरिज हुई थी। ऐसा बताया जा रहा है कि, 3 दिन पहले रात में खाना खाने के बाद हेमंत और सरिता अपने घर के बाहर बैठ कर बात कर रहे थे। कुछ देर बाद सरिता अपने कमरे में गई, हेमंत बाहर ही बैठा था। जब हेमंत भी कमरे में गया तो सरिता बेहोशी की हालत में नीचे गिरी हुई थी। पास में पॉइजन भी रखा हुआ था।

जिसके बाद सरिता को फौरन पास के ही अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया। लेकिन उसकी हालत बिगड़ती देख उसे जगदलपुर के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। उसकी स्थिति बेहद गंभीर हो गई थी। जहर खाने के 3 दिन बाद मेकाज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद डॉक्टरों ने शव को परिजनों को सौंप दिया। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दिया है। साथ ही जांच भी शुरू कर दी है।

### पति के साथ रिश्ते थे अच्छे

शुरुआती जांच में पता चला है कि, सरिता और उसके पति हेमंत के बीच रिश्ते अच्छे थे। कोई भी बात होती तो दोनों एक दूसरे से शेयर करते थे। जिस दिन सरिता ने जहर खाया उस दिन भी दोनों साथ बैठकर बातचीत कर रहे थे। सरिता के मौत के कारणों का पता लगाने पुलिस जुटी हुई है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950